यूनियन धारा
Union Dhara

कायांतरण TRANSFORMATION

गृहपत्रिका ● HOUSE MAGAZINE OF

यूनियन बैंक
ऑफ इंडिया

Union Bank
of India

अनुक्रमणिका Contents

यूनियन धारा UNION DHARA
अप्रैल–जून, 2019 / April-June 2019
प्रकाशन तिथि : 14 अगस्त, 2019

प्रिय मित्रों,

'अगर आप परिवर्तन उन्मुख नहीं हैं, तो आपका अंत हो जाता है.'

– बेंजामिन फ्रैंकलिन

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि 'यूनियन धारा' का नवीनतम अंक 'कायांतरण विशेषांक' के रूप में प्रकाशित हो रहा है.

हम आज एक डिजिटली रूप से जुड़ी हुई दुनिया में रह रहे हैं, जहां बहुत तेजी से बदलाव हो रहे हैं. यहाँ प्रतिदिन नए–नए व्यावसायिक मॉडल उभरकर सामने आ रहे हैं और मौजूदा व्यवसाय को बाधित कर रहे हैं. अपने अस्तित्व को बनाए रखने और समृद्धि को बरकरार रखने के लिए किसी भी व्यवसाय मॉडल/प्रक्रिया को निरंतर नई प्रौद्योगिकी और प्रक्रियाओं को अपनाते हुए नवोन्मेष और कायांतरण के साथ आगे बढ़ना होगा.

हमारा बैंक पिछले कुछ वर्षों में प्रक्रियाओं एवं प्रणालियों में संशोधन के लिए विभिन्न संरचनात्मक, रणनीतिक और डिजिटल परिवर्तनों से गुजरा है. परिवर्तन के इस एक हिस्से को अपनाते हुए, नए प्रवर्तनों को प्रोत्साहित करने के साथ संवेग (momentum) को बनाए रखना ही, इस प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में हमें भीड़ से अलग रखता है. सभी यूनियनाईट्स ने इन बदलावों/परिवर्तनों को अपनाकर

Dear Friends,

'When you're finished changing, you're finished'

-Benjamin Franklin

I am delighted to learn that Union Dhara is coming out with a special edition on Transformation.

We are living in a digitally connected world which is changing fast. New business models are emerging every day and disrupting the existing business. Any business model/process should go for constant innovation and metamorphosis by adopting new technology and processes to survive and prosper.

Our Bank has gone through various structural, strategic and digital transformations over the past few years to bring changes in the processes and systems. While adopting to change is one part of transformation, sustaining the momentum by making consistent effort to reinforce the new initiatives, makes the difference in this competitive environment.All unionites have made our previous transfor-

और आत्मसात कर हमारी पिछली परिवर्तन प्रक्रियाओं को सफल बनाया है.

कारोबार प्रक्रिया प्रवर्तन बैंक के लिए सफलता की कुंजी है और यह गतिशीलता बैंकिंग परिदृश्य को दक्षता और स्थिरता की ओर लेकर जाती है. हाल ही में हमारे बैंक ने आस्तियों की गुणवत्ता और स्थायी व्यापार संवृद्धि में सुधार के साथ प्रमुख क्षेत्रों में प्रक्रिया दक्षता लाने से संबंधित मुख्य परिवर्तनशील पहल शुरू की है. केंद्रीकरण, वर्टिकलाईजेशन और डिजिटलीकरण हमारे बैंक के महत्वपूर्ण परिवर्तन हैं और हमारे विजन 2020 को प्राप्त करने के प्रमुख सिद्धांत हैं.

कृषि सहित ऋण के सभी क्षेत्रों में केंद्रीयकृत प्रसंस्करण केन्द्रों (यूनियन समृद्धि केंद्र खोलने) के निर्माण से आस्ति गुणवत्ता के प्रयोजन को नयी शुरुआत मिलेगी. नए ग्राहक अधिग्रहण की आवश्यकता को पूरा करने के लिए ग्राहक अधिग्रहण समूह के रूप में एक अलग विभाग का गठन किया गया है, जो वर्तमान प्रतिस्पर्धी वातावरण में समय की मांग को पूरा करता है. सभी क्षेत्रों में डिजिटल बनना वैश्विक आभासी दुनिया में जीवित रहने की कुंजी है, अतः इन क्षेत्रों में नए विस्तारों को खोला गया और फिनेकल 10 संस्करण में माइग्रेशन किया गया ताकि बेहतर तथा उन्नत सेवा प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया जाए. साथ ही व्यापार विश्लेषण को मजबूत करके कार्यनिष्पादन को उन्नत करने हेतु भी इन क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण पहल किए गए हैं.

ये सभी बदलाव प्रक्रियाएँ तभी सफल हो सकती हैं, यदि हमारे कर्मचारियों के पास त्वरित स्वीकार्य क्षमता और सुगम सुपुर्दगी हो. वर्तमान परिदृश्य और व्यवधानों को देखते हुए, हम बैंक के क्षेत्र में बहुत से बदलावों की अपेक्षा कर सकते हैं और प्रत्येक कर्मचारी को परिवर्तनों को अपनाने और इस महान संस्था को अधिक से अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए तत्पर रहना चाहिए.

mation processes a success, by accepting and adopting the changes.

Business Process Transformation is the key to success for the bank and it leads to efficiency and sustainability towards the dynamic banking scenario. The major transformation initiatives taken by our bank in the recent past have been related to bringing process efficiency in key areas to improve asset quality and sustainable improved business growth. Centralization, Verticalization and Digitization have been the key transformations in our bank and a major tenet to achieve our Vision 2020.

Creation of Centralized Processing Cells in all areas of credit including Agriculture (opening of Union Samriddhi kendras) embarks upon the major concern of asset quality. Formation of Customer Acquisition Group as a separate vertical has been done mainly to cater to new customer acquisition which forms the need of the hour in the present competitive environment. Going Digital in all areas is the key for survival in the global virtual world, hence opening new vistas in this areas and migration to Finacle 10 version to leverage technology for better and advanced service as well as enhance the performance by strengthening the business analytics are some of the major initiatives in these areas.

All these changed processes can be successful only if we have quicker adaptability and smooth delivery from the employees. Considering present scenario and disruptions, we can expect a lot of changes in the bank's landscape and every employee should be ready for adopting and adapting to the changes and taking forward this great institution to greater heights.

हार्दिक शुभकामनाओं के साथ!   With best wishes,

राजकिरण रै जी.   Rajkiran Rai G.

संपादकीय
EDITORIAL

साथियो,

परिवर्तन का मतलब है नवीन विचारों के साथ एक बड़ा बदलाव जो दृष्टिकोण और अंतर्दृष्टि को पूरी तरह से बदल देता है. यह मतों/विश्वास को भी बदलता है, ताकि कार्य करने के तरीक़े सहज हो जाएं और वांछित परिणाम प्राप्त कर सकें. संगठनात्मक संदर्भ में, यह गहन और आमूल परिवर्तन की एक प्रक्रिया है जो संगठन को एक नई दिशा देती है और इसकी प्रभावशीलता एक अलग स्तर की हो जाती है.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में, परिवर्तन के तीन पहलू हैं. तीन अलग–अलग पहलुओं में से पहला है लोग, जिसमें शामिल हैं– जॉब फैमिली, लीडरशिप डेवलपमेंट, पीएमएस, यूनियन सुविधा, आरईएमएएस आदि, दूसरा पहलू है प्रक्रिया जिसमें शामिल हैं– सीएजी, केंद्रीकरण, वर्टिकलाईजेशन, विशेषज्ञता (अनुश्रवण) आदि, और तीसरा पहलू है प्रौद्योगिकी जो आज की तकनीकी आधारित दुनिया में सबसे महत्वपूर्ण है और इसमें शामिल हैं– फिनेकल10, डीएआरटी, सीएमआरडी पोर्टल इत्यादि. हमारे रोज़ाना के काम–काज में इन तीनों पहलुओं को ध्यान में रखते हुए तथा इनका उपयोग करके बैंक सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है.

परिवर्तन आजीवन उपाय नहीं बल्कि निरंतर प्रक्रिया है जो कदम–दर–कदम शुरू होती है. इसकी तुलना उस सुंदर तितली से की जा सकती है जो लार्वा और फिर प्यूपा के बाद अंडे से एक सुंदर तितली में परिवर्तित हो जाती है. प्रत्येक चरण के अलग लक्ष्य और अलग परिणाम होते हैं, लेकिन एक बात तय है कि हम तितली को वापस अंडे, लार्वा या प्यूपा में नहीं बदल सकते. बदलाव अपरिवर्तनीय है. यूनियन धारा का यह परिवर्तन विशेषांक निश्चित रूप से पाठकों को नए विचार और जानकारी देगा.

इस अंक की संकल्पना देने के लिए मैं अपने संपादकीय बोर्ड की शुक्रगुजार हूँ. श्री कल्याण कुमार, महाप्रबंधक, बीपीटी और उनकी टीम का इस नए पहलू में मेरी मदद करने और इनपुट देने के लिए विशेष धन्यवाद. पढ़ने का आनंद लें.

Friends,

Transformation implies a major change with innovative ideas which totally changes the outlook and insight. It also modifies beliefs so that actions become natural, thereby achieving the desired results. In an organisational context it is a process of profound and radical change that orients an Organisation in a new direction and takes it to an entirely different level of effectiveness.

In Union Bank of India, Transformation works on three different aspects. Out of these three aspects, the first aspect is People which includes Job Family, Leadership Development, PMS, Union Suvidha, REMAS, etc., the Second one is the Process which includes CAG, Centralisation, Verticalisation, Specialisation (Monitoring) etc and the third aspect, which is the most important one in today's techno-savvy world is the Technology which includes FIN10, DART, CMRD Portal etc. Taking into consideration and applying these three aspects in our day- today working, Bank is moving ahead with vibrant success.

Transformation is not a one time measure but it is a continuous process which starts step by step. It can be compared with the metamorphosis of egg into a beautiful butterfly through the stage of larva and pupa. Each stage has a different goal and different results, but one thing is sure that we cannot change the Butterfly into egg, larva or pupa again. The change is irreversible. This Transformation issue of Union Dhara will definitely give readers new ideas and inputs.

I am thankful to my Editorial Board for giving the idea of this issue. My special thanks to Mr. Kalyan Kumar, GM, BPT and his team for helping me out in this new aspect and sharing inputs. Happy Reading!

आपकी,   Yours truly,

डॉ. सुलभा कोरे   Dr. Sulabha Kore

साहित्यकारों के साहित्यकार
आचार्य शिवपूजन सहाय

हिन्दी-साहित्य जगत में देश की आजादी के पूर्व अनेक यशस्वी साहित्यकार हुए, जो हिन्दी-नभ में नक्षत्र की भाँति दीप्तिमान रहे हैं. इन साहित्यकारों ने न केवल हिन्दी साहित्य जगत को नई दिशा दी बल्कि उन्होंने स्वतंत्रता की लड़ाई में भी योगदान दिया. ऐसे में एक हिन्दी साहित्यकार ने न केवल स्वयं लिखा बल्कि दूसरों को लिखने हेतु प्रेरित किया और साथ ही दूसरों की लिखी हुई रचनाओं को अपने भाषा-कौशल से सँवारा भी! सशक्त भाषा के प्रतिमान, विनम्रता की प्रतिमूर्ति शिवपूजन सहाय जी सचमुच हिन्दी-गगन के चमकते ध्रुव तारे की तरह थे.

शिवपूजन सहाय जी का जन्म बिहार प्रान्त के तत्कालीन शाहाबाद जिले के अन्तर्गत (अब बक्सर जिला) के उनवाँस ग्राम में 09 अगस्त 1893 को हुआ था. पिता श्री बागीश्वरी दयाल अत्यन्त धार्मिक स्वभाव के थे. प्रारम्भिक शिक्षा गाँव की पाठशाला में ही हुई. के.जे. एकेडमी, आरा से मैट्रिक की परीक्षा वर्ष 1913 में उत्तीर्ण की. पिता का साया 1906 में ही उठ गया था. मात्र 14 वर्ष की अवस्था में पहला विवाह वर्ष 1907 में हुआ. मगर दो-तीन महीने बाद ही पत्नी चल बसी. फिर वर्ष 1908 में ही दूसरी शादी हुई. सब कुछ यथावत् चलता रहा. जीवन में अर्थाभाव के चलते बनारस की कचहरी में नकल बनाने का कार्य करना पड़ा.

वर्ष 1917 में वे आरा के ख्याति प्राप्त टाउन स्कूल में हिन्दी शिक्षक बने. परंतु वर्ष 1920-21 में नौकरी छोड़कर आप गाँधी जी के असहयोग आन्दोलन में कूद पड़े और आरा नागरी प्रचारिणी सभा में सहकारी मंत्री बने. लगन और तत्परता से उन्होंने नागरी प्रचारिणी सभा का कार्य किया. सभा द्वारा प्रकाशित 'हरिऔध' अभिनन्दन ग्रंथ और

'राजेन्द्र' अभिनन्दन ग्रंथ के आप संपादक थे.

सहाय जी ने इसी दौरान स्वतंत्र लेखन का कार्य प्रारम्भ किया. आरा में ही हर प्रसाद जालान के प्रयास से प्रकाशित 'मारवाड़ी सुधार' के संपादक के रूप में आपने अपनी साहित्यिक प्रतिभा का अद्भुत परिचय दिया. आरा के उस समय के प्रतिष्ठित साहित्यकार पं. ईश्वरी प्रसाद शर्मा से परिचय के सूत्र में काफी दृढ़ होते गये और उन्हीं के अनुरोध पर आप कलकत्ता से प्रकाशित होने वाले साप्ताहिक पत्र 'मतवाला' के संपादकीय परिवार में शामिल हो गये. आपकी लेखनी से सँवर कर 'मतवाला' सचमुच उस समय का एक लोकप्रिय पत्र बन गया. वर्ष 1929 में इन्हें लखनऊ से बुलावा आया और वहाँ आप 'माधुरी' के संपादकीय परिवार में शामिल हो गये. 'माधुरी' अपने नये कलेवर में चमक उठी. लखनऊ में ही प्रेमचन्द के चर्चित उपन्यास 'रंगभूमि' का संपादन भी आपने किया. मगर लखनऊ में दंगा हो जाने की वजह से आपको वहाँ से लौटना पड़ा. फिर आप 'मतवाला' के आकर्षण में बँधे कलकत्ता आ गये. यहीं पर साहित्य मनीषी 'निराला जी' और मतवाला-मंडल के सहयोगी मुंशी नवजादिक लाल से घनिष्ठता बढ़ी. मतवाला के मालिक महादेव प्रसाद सेठ, साहित्यकारों का बहुत सम्मान करते थे. करीब दो वर्षों तक सहाय जी मतवाला-मंडल की मित्र-मंडली में 'सबको हँसते-हँसाते' साहित्य को नई दिशा देते रहे. फिर वर्ष 1926 में लहेरिया सराय, दरभंगा के पुस्तक-भंडार में आ गये, जिसके स्वामी आचार्य रामलोचन शरण जी थे.

लहेरिया सराय का पुस्तक-भंडार आपकी उपस्थिति से जगमगा उठा और चोटी के साहित्यकारों का यहाँ जमावड़ा लगने लगा. उनसे मिलने वालों में सर्वश्री हवलदार त्रिपाठी, बेनीपुरी, अच्युतानन्द, रामधारी

सिंह 'दिनकर', हरि मोहन झा, कलेक्टर सिंह 'केसरी' सहित अनेक नवोदित कवि-लेखक थे. लहेरिया सराय का पुस्तक-भंडार सचमुच साहित्यकारों का तीर्थ-स्थल बन गया था. शिवपूजन सहाय जी की धर्मपत्नी सबका आतिथ्य किया करती थी. नवम्बर 1926 में सहाय जी की दूसरी पत्नी का भी देहान्त हो गया. यह तो वज्रपात था लेकिन बहुत जीवटता से वे साहित्य-साधना की आराधना में पूर्ववत् लगे रहे.

लहेरिया सराय से आकर आप काशी में कार्यरत हो गये. समय-चक्र अपनी गति से चलता रहा. पत्नी की मृत्यु के समय शिवपूजन सहाय मात्र 33 वर्ष के थे. मित्र-मंडली के आग्रह से और परिवारवालों के दबाव से आपकी तीसरी शादी 21 मई 1928 को सम्पन्न हुई. पूरी साहित्य-मंडली बारात में शामिल हुई. महाप्राण निराला बारात का नेतृत्व कर रहे थे. रामवृक्ष बेनीपुरी, नवजादिक लाल, पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' सहित अनेक वरिष्ठ एवं युवा साहित्यकार इस विवाह में शामिल हुए थे. काशी में फिर साहित्यकारों की भीड़ जमने लगी. 'बालक' अपने समय का एक सशक्त साहित्यिक मासिक पत्र था. इसी बीच बिहार के सुल्तानगंज से एक मासिक पत्र 'गंगा' निकालने की योजना बनी. इसके संपादक श्री रामगोविन्द त्रिवेदी जी ने अपने अभिन्न मित्र जयशंकर प्रसाद जी से एक सह-संपादक के लिए परामर्श मांगा. प्रसाद जी ने अपने पत्र में श्री शिवपूजन सहाय जी का नाम सुझाया. इस प्रकार प्रसादजी के सुझाव और त्रिवेदी जी के आग्रह पर शिवपूजन सहाय जी 'गंगा' के संपादकीय परिवार में शामिल हो गये और

सन् 1931 के दिसम्बर तक सुल्तानगंज, भागलपुर में रहकर 'गंगा' का संपादन किया.

काशी आ कर वे पाक्षिक 'जागरण' का संपादन करने लगे. लहेरिया सराय में रहकर पुस्तकों के प्रकाशन के साथ 'बालक' का संपादन भी करते रहे. गंगा के संपादन के क्रम में उनकी सिद्धहस्तता देखने लायक थी.

यद्यपि शिवपूजन सहाय जी की शैक्षणिक योग्यता केवल मैट्रिक थी मगर काशी विश्वविद्यालय के दो दिग्गज प्रोफेसर बाबू श्यामसुन्दर दास और पं. रामचन्द्र शुक्ल की संस्तुति पर शिवपूजन सहाय जी को प्राध्यापक के पद पर राजेन्द्र कॉलेज, छपरा के लिए चयनित किया गया और वहाँ का साहित्यिक वातावरण उल्लसित हो उठा. बाद में द्विज जी के औरंगाबाद चले जाने से शिवपूजन सहाय जी वहाँ के विभागाध्यक्ष हो गये. लेकिन 5-6 सालों में वहाँ से आप 21 अगस्त 1945 को 'हिमालय' का संपादन करने फिर लहेरिया सराय आ गये.

उस समय के सभी प्रख्यात लेखक अपनी पांडुलिपियाँ शिवपूजन सहाय को देकर निश्चिन्त हो जाते थे. कहा जाता है कि जयशंकर प्रसाद जी की 'कामायनी' की पांडुलिपि को भी शिवपूजन सहाय जी ने देखा था और उनके द्वारा देख लेने के बाद ही उसकी छपाई हुई थी. दिनकर जी ने अपनी पहली कृति 'रेणुका' के प्रकाशन के बारे में लिखा है– ''कवि के रूप में लोग मुझे थोड़ा-बहुत पहले भी जान चुके थे, किन्तु पुस्तक-लेखक के रूप में मुझे पेश करने का काम शिवपूजन बाबू ने किया.

अखिल भारतीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन के जयपुर अधिवेशन का 25 सितम्बर 1944 को आपने सभापतित्व किया, जिसमें देश के चोटी के साहित्यकार पधारे थे.

वर्ष 1947 में बसन्त पंचमी के दिन काशी में 'निराला स्वर्ण जयन्ती महोत्सव' धूम-धाम से मनाया गया और निराला जी हमेशा साथ-साथ ही दिख रहे थे. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की आत्मकथा का भी आपने मनोयोगपूर्वक सम्पादन किया.

'बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन' का विराट अधिवेशन वर्ष 1925 में दरभंगा में हुआ, जिसका सभापतित्व डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने किया था.

दिनांक 19 जुलाई 1950 को आचार्य श्री शिवपूजन सहाय ने कॉलेज से त्यागपत्र देकर हिन्दी साहित्य परिषद के मंत्री का पद संभाल लिया. हिन्दी साहित्य परिषद में एक नयी जान आ गई. 11 और 12 मार्च 1951 को तत्कालीन राज्यपाल माधव श्रीहरि अणे के करकमलों द्वारा परिषद का उद्घाटन समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ. 01 अप्रैल 1956 से आचार्य शिवपूजन सहाय मंत्री से संचालक हो गया. उन्होंने 31 अगस्त 1959 तक परिषद की उल्लेखनीय और अनुकरणीय सेवा की. परिषद ने साठ गौरव-ग्रंथ प्रकाशित किए, अनुसंधान पुस्तकालय का गठन कर उसमें दस हजार दुर्लभ पुस्तकें मंगवायी तथा चोटी के विद्वानों की भाषण-माला आयोजित करवायी.

बिहार के साहित्यिक इतिहास के दो खंड वे लिख गये थे, इसे ही वे अपने जीवन का अन्तिम और एक मात्र कार्य कहते थे. मगर इसके दो भाग प्रकाशित हो पाये. 26 जनवरी 1960 को भारत सरकार द्वारा उन्हें 'पद्मभूषण' अलंकरण से विभूषित किया गया. 09 अगस्त 1961 को उनकी 68वीं वर्ष गाँठ पर पटना नगर निगम द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया. 03 मार्च 1962 को भागलपुर विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें मानद डि. लिट्. की उपाधि प्रदान की गई. स्वास्थ्य में गिरावट आने पर भी उन्होंने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को समर्पित अभिनन्दन ग्रंथ 'बिहार की महिलाएँ' का संपादन स्वीकार कर लिया. उनके लिए साहित्य-जगत् की कोई भी उपाधि छोटी पड़

जाती थी. इसलिए किसी ने उन्हें 'साहित्यिक संत' कहा तो किसी ने उन्हें 'अपरिमेय आत्मीयता के अवतार' से सम्बोधित किया. किसी ने उन्हें 'सम्पादकाचार्य' कहा तो किसी ने 'विनयमूर्ति' कहकर उनका मान बढ़ाया.

अभी तक सहाय जी पर कई बीमारियाँ घेरा डाल चुकी थीं. इसी बीच साहित्य के सहयोगी संपादक आचार्य नलिन विलोचन शर्मा का भी देहावसान हो गया. उनकी स्मृति में नवम्बर 1962 के साहित्य का 'नलिन स्मृति अंक' प्रकाशित हुआ. शिवपूजन सहाय जी की आँखें भी अब जवाब दे चुकी थीं. दि. 21 जनवरी 1963 की ब्रह्मबेला में 3.15 बजे शिवपूजन सहाय जी ने भी सदा के लिए अपनी आँखें मूंद ली. बिहार में साहित्यिक वीरानता छा गई. पटना के बाँस घाट पर उनकी अन्त्येष्टि में सारा पटना उमड़ पड़ा था.

शिवपूजन सहाय जी ने करीब 40 वर्षों तक हिन्दी की अनवरत सेवा की. अपनी साहित्यिक साधना में उन्होंने करीब तेरह पत्र-पत्रिकाओं का संपादक बनकर उसे सँवारा था और अपनी अमिट छाप छोड़ी थी. उनकी 'मुण्डमाल' कहानी और कहानी का प्लाट आज भी हिन्दी-जगत् की श्रेष्ठतम कहानियों में गिनी जाती हैं.

साहित्य-लेखन के सम्बन्ध में शिवपूजन सहाय जी कहा करते थे–''साहित्य युग का आइना है. वह पूर्ण सावधानी से रचा जाना चाहिए कि आने वाली पीढ़ियाँ उसकी भूल पर उँगली न उठा सके.''

सहाय जी ने असंख्य कृतियों का संपादन कर केवल लेख, कविता तक ही नहीं बल्कि पत्रकारिता के क्षेत्र में भी अमिट योगदान दिया. उनकी कुछ रचनाएं आज भी युगांतकारी हैं जिनमें आंचलिक उपन्यास 'देहाती दुनिया', 'मतवाला' 'माधुरी', 'गंगा जागरण' 'हिमालय' 'हिन्दी भाषा और साहित्य', 'शिवपूजन रचनावली' आदि प्रमुख है.

आज भी उनका नाम हम सभी को हिन्दी साहित्य के प्रति सदैव प्रेरणा प्रदान करता है.

उपासना वर्मा
क्षे.का. पटना

मेरी माँ

घुटनों पर रेंगते - रेंगते न जाने,
कब पैरों पर खड़ी हुई हूँ।
माँ बोलते बोलते,
पूरी भाषा सीख गई हूँ।
खाना तो पहले हमें खिलाती हैं,
बाद में वह खुद खाती है ।
मेरी सब चीजें चुन चुन कर खरीदती है,
वह अपने लिए कुछ न रखती है ।
हमारी खुशी में,
खुद खुश हो जाती है।
दुःख में हमारे,
वह अपने आँसू बहाती है।
कितने खुश नसीब हैं हम,
पास हमारे माँ है।
उसका साया ही,
हमारे लिए आसमाँ है।
उसकी हर दुआ हमें कुबूल है,
माँ तो ममता का फूल है।
कितनी भी हो जाऊ बड़ी,
माँ, मैं आज भी तेरी लाली हूँ।

के. दिव्या
क्षे.का. विजयवाडा

विश्वास

पाना बहुत ही मुश्किल होगा,
खोना है आसान,
पा लिए तो अडिग हो ऐसे,
जैसे हो पाषाण।
जहां बंधी आशा की किरणें,
जहां लगे रिश्तों का मेला,
कच्चे धागों से बंधा हुआ
टीका हुआ विश्वास अकेला।
हो भाई–बहन या पिता–पुत्र
परम सखा हो या मनमित,
विश्वास पे टीका हुआ है
जग में सारे रिश्तों की प्रीत।
ना भय ना असफलताओं का डर
चल दिए निडर होकर प्रखर,
हर जीत तुम्हारी सखा बने
विश्वास अडिग हो दिल में अगर।
असफलता की गलियों में भी
चलकर विजयी होता है,
वो बीज जीत का बोता है
विश्वास अगर ना खोता है।
मन में दृढ़ संकल्प लिए
खुद ही पे रहे जिसका भी मान,
बाधाएं चाहे हो निर्निमेष
पुरुष वही बनता महान।
पाना बहुत ही मुश्किल होता
खोना है आसान,
पा लिए तो अडिग हो ऐसा
जैसे हो पाषाण।

मनीष कुमार
डूमर तराई शाखा, रायपुर

प्रिय तुम ही मेरी धन – लक्ष्मी

प्रिय क्यूँ तुम नए-नए सूट सिलाती हो
पुरानी साड़ी में भी,
तुम अप्सरा सी नजर आती हो ।
इन ब्यूटी पार्लरों के चक्करों में न पड़ा करो
अपने चाँद से चेहरे को,
क्रीम पाउडर से यूं न ढका करो ।
रेस्टोरेन्ट, होटल के खाने में क्या रखा है?
तुम्हारे हाथों से बना बैंगन का भर्ता,
इनसे लाख गुना अच्छा है।
इन सैर सपाटों में वो बात कहाँ?
तुम्हारे मायके जैसा ऐशो आराम कहाँ ?
नौकरों से खिटपीट में, मत सेहत तुम
अपनी खराब करो।
झाड़ू-पोंछा लगा हल्का सा व्यायाम करो।
सोने-चाँदी में मिलती
आज सौ- सौ खोट है।
तुम्हारी सुंदरता ही
24 कैरेट प्योर गोल्ड है।
माया-माया मत किया कर पगली,
यह तो महा ठगनी है।
मेरे इस घर आँगन की तो,
तू ही असली धन लक्ष्मी है ।

अजय लोहरे
क्षे.का.इंदौर

भारत का जिब्राल्टर

कुछ पन्नों में दबा-दबा सा
कुछ पत्थरों में गढ़ा-गढ़ा सा
कुछ अक्षरों पर जमा-जमा सा
गोपचाल पर्वत पर बना-बना सा।

इतिहास की यह इबादत है
कुछ कहती है, कुछ सुनाती है
राजाओं के मन में बसती थी
कुछ कोशिश थी इसको पाने की
नाम अनोखा नाम निराला
अभेद दुर्ग ग्वालियर हमारा।

दो भाग हैं इसके पूरे
एक महल है गुजरी का
एक मंदिर है मान महल का
तोमर वंश का शासक मान
आठ सदी में बनता कम
बनाता है इसको महान

उंची चोटी तीन सौ फिट की
तीन किलोमीटर में है फैला
मध्य कालीन का जीवंत नमूना
है इतिहास का सुनहरा पन्ना
अनेक राजाओं का शासन था
कहीं पाल कहीं प्रतिहार
कही मुगल कहीं तोमर
हर राजवंश की चाह थी यह
भारत का था दक्षिणी दरवाजा
अभेद था इसका हर एक कोना
आराम शाह नाम का था एक राजा
थी जिसकी यह राजधानी
हुई थी जिसके लिए बलिदान
थी वो एक झाँसी की रानी
साँस बहू का मंदिर इसमें
कहते हैं इसको सहस्त्रबाहु
और है एक तेली का मंदिर
हुआ है काम जिस पर बारीकी से
पहला सुरजसेन था राजा
जिसके नाम पर है सूरज कुंड
संग्रहालय भी है स्थित
जिसमें रखी है दुर्लभ कृतियां
वास्तुकला भी जिसमें चीन की
ड्रैगन का भी मुख दिखता है
बतलाता है रिश्ता दोनों का
जैन तीर्थंकरो की भी मूर्ति
हुआ था काम जिस पर बारीकी से
बलुआ पत्थर से निर्मित
खड़ी चढ़ाई भी है जिसमें
हर राजा की चाहत उसको
इसीलिए कहते भारत का जिब्राल्टर इसको

धीरज अग्रवाल
क्षे.का. ग्वालियर

मेहनत .... सबसे बड़ी

छोटी उम्र में घर छूटा

कुछ बनने को शहर छूटा

बित गए दिन संघर्षों में

वो बचपन अब मुझसे क्यों रूठा

आँखों में आशा और दिल में डर था

फिर भी हिम्मत बड़ी और

हौसला बुलंद था

कुछ करने की ललक थी

उतना ना मिला तो आँखों में छलक थी

फिर भी करना था प्रयास

सिर्फ मेहनत की थी आस

नन्हीं सी जान अकेले

अपनों से दूर धकेले

अनजान बस्ती में

पतवार संभाली कस्ती में

माना मेहनत जितना फल ना था

मेहनत से बड़ा विकल्प ना था।।

भरत परिहार
क्षे.का. उदयपुर

FRAUD

In the world of fraud,
There are people who are
still abroad.
They have a brain which
work like rocket.
But to catch every rocket
there is a docket.
A sweet heart still resides
in some and
that is the reason the
life of them become
cumbersome.
I wish such stars still shine
to earth
so that the world becomes
free from rust

Divya Mehta
R.O. Delhi (South)

"In the midst of chaos, there lies opportunity"

Sun-Tzu, The Art of War

In today's business world, corporations have become more complex and more unpredictable. In fact, it is considered "healthy" if it experiences change and transformation. Companies need to be susceptible and ready to acknowledge the challenges that change presents them with and try to overcome these for the benefit of the company as a whole. Due to the ever-changing business and social environment, the companies must keep themselves up-to-date, whether it is through using the latest form of technology or through the latest management fad.

In the context of Indian banking, massive shifts have shaken the industry and the economy, be it the revised norms for capital requirement or digital disruption, tempered with the IBC, and other banking reforms. India's financial regulators have helped build one of the world's strongest banking and financial systems that has sailed past international crises. The government has stepped in with the bankruptcy law and the Bank Boards Bureau, which will further strengthen the system. More competition is being injected by allowing different classes of banks and financial service providers. The traditional approach to growth through efficiency, acquisition and new product offerings will likely be short lived.

With several new players entering the banking scene, the sector is set to witness unprecedented developments in the times to come. The Financial Inclusion agenda has led to several types of banking models – small banks, payment banks, and new non-bank players in the Fintech space who are vying to grab a larger share of the banking value chain. These new business models have blurred the lines between business and technology. As market segments are increasingly defined through the technology used, today technology is synonymous with business.

We have reached a point where any discussion on the future of banking in the country, is an overview of all that has 'changed' in the industry. Different banks have reacted in different ways to these changes, which have decided their fate.

Change is never easy but it is also inevitable. One of the strongest attributes of our Bank has been that we are not afraid of embracing change. Union Bank of India was among the first few to make the transition from manual ledgers to Advanced Ledger Posting Machines (ALPM) to Core banking Solution (CBS). We have adapted ourselves to the new working order, with every new chapter in the country's banking history.

Faced with our current challenges, we have brought in centralization in credit under-writing by adopting a hub and spoke model. We have undertaken verticalization through creating and empowering separate functional units such as those for capturing new business and dealing with stressed assets. We have taken pro-active steps to build a leadership pipeline, to fill in the gaps created by mass retirements. We have introduced functional specialization by introducing job families to reap the fruits of efficiencies from specialized skills. Our centralized bill processing centre - HR Suvidha, and employee grievances redressal por-ta-HR Aapke Dwar, are first of their kind initiatives that have led to uniformity in processing and set benchmarks for speedy resolution of issues.

In the near future, Bank's ability to manifest opportunities out of the disruptive environment based on IT enabled business transformation and external partnerships to create customer value will determine its success.

Picture this: Few years down the line, when you're riding or taking the shuttle / train / metro to work, while you're catching up on the latest headlines using the free internet from the Wi-Fi enabled environment, you get a congratulatory audio message from your virtual assistant, that your salary is credited and also that gold prices have gone down. The message auto destructs in a few moments after you've read it. You get off your ride and walk the rest of the way to your office. On the way you enter a café to pick up your morning brew. The café's cloud reads your phone signature and asks to repeat your order from yesterday, while offering you their day specials. You pick an extra cookie, as today you can indulge. After a great day at work, you decide to take a stroll at the nearby shopping lane. A dress / suit at one of the showrooms catch your eye, (while your retina movements are captured by ultra-fast cameras and fed into a big data server, which conveys to the shop manager that you are a high potential customer). While you're still trying to decide if you want to check out the outfit, the shop attendant comes out to invite you in. You go in,

they show you not just that but similar styles of clothing. You want to see if you can get the same thing cheaper online. You take a picture and find it online. Turns out you can.

The moral of the story here is that nothing seems impossible, if you can think it, you can certainly do it.

But why has it become so crucial for businesses to pull out a rabbit from their hats to survive? Because that's what we as customers want. Recent technological advances have made us extremely impatient. Sub-consciously, we all apply the free pizza promise to everything, if my bank can't offer me the means to pay my EMI remotely, whenever and wherever from, then they should pay it for me!

Let's take a few facts:

In our country alone, 65% of the population is in the age group of 25-35 years, which is the 'move on' generation; if you fail to hook them today, they'll move on to the next bank tomorrow, if not sooner.

165 million or 21% of the world's unbanked population is in India, which could make the 8th largest country in the world;

India is slated to surpass US to become the largest mobile phone market this year, with 730.7 million smart phones.

We have seen how the government relies on the vast network of its public banks (that have made inroads into the rural terrain) for implementing any and every new development scheme. In spite of that, there are only 18 ATMs and 13.4 branches per 1 lac people in our country.

All these statistics put together offer a great opportunity waiting to be tapped!

Today we don't provide doorstep services but, fingertip services. We already have Lakshmi, the country's first banking robot that turned 2 last month. We have also seen the country's first talking ATM designed by a visually impaired person.

However, this revolution brings with it, its own cons i.e. Cyber risk. Cyber risk, while not at all new, has rocketed up the list of leading issues for banks – be it for the regulators, or for the Board. Nobody wants to be on the wrong side of the headline. One reason this continues to loom large is that the nature of the threat is constantly evolving and not just from a technology perspective. For example, today a bank may be threatened not just by groups that are looking to steal money, but by actors that may simply want to be disruptive. Banking industry in India is rapidly evolving facilitated by mobile and internet penetration in the country and technological innovations disrupting the established processes. In the last couple of years, technologies such as Digital Wallets, EMV Chip-based Cards, and two factor authentication via SMS-based One Time Password (OTP) have become mainstream in India. These innovations were designed to make payment transactions convenient and more secure; at the same time they have brought with them the massive challenge of safeguarding people's data and their money.

Survival of the fittest has come to mean survival of the quickest, and most agile. Agility, in a physical sense is the ability to move quickly and easily. When applied to the mind, it means the ability to understand and process outcomes. For a banker, it would translate into acting or responding promptly to the requirement of the customer sitting in front of you, offering them a solution and seizing the opportunity of new business.

If we are able to do this, think on our feet and seize the moment, Bank as a whole shall adapt, it shall survive this ICE age, this Invariably Changing Environment.

However mere agility is not enough, speed without direction is chaos. We need to define clearly where we see ourselves in the next few years, 2020, next decade, turn of the century. Once everyone understands what is at stake one hundred percent, they start speaking the same language and then the sky is the limit!

Transformation, in an organizational context, is a process of profound radical change, focussing an organization in a new direction and taking it to a new level of effectiveness. Transformation implies a basic change of character and little or no resemblance to the past configuration or structure. In response to the evolving forces of customer expectations, regulatory requirements, technology, demo-graphics, new competitors and shifting economics, much of the landscape will change significantly. Banks need to choose what posture to adopt against this change – whether to be a shaper of the future, a fast follower, or to manage defensively, putting off change. For as Drucker said, the best way to predict your future is to create it.

Brajeshwar Sharma
HRM, CO

कम्प्यूटरीकृत वातावरण में सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना सुरक्षा नीति की आवश्यकता

आज ज्ञान और सूचनाओं का जमाना है. आर्थिक उदारीकरण (Liberalization) व वैश्वीकरण (Globalization) के वर्तमान युग में टेक्नोलॉजी ने संपूर्ण जगत को वैश्विक रूप दे दिया है. वर्तमान समय में बैंकिंग का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है. बैंकिंग क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रयोग के कारण आ रहे परिवर्तनों और ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाओं ने नई-नई संभावनाओं को जन्म दिया है. बैंक अब एटीएम (स्वचालित टेलर मशीन), टेली-बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग आदि जैसी सुविधाएं देकर सेवा के वैकल्पिक माध्यम अपना रहे हैं. साझा नेटवर्क, सेवाओं की आउटसोर्सिंग, ई-कॉमर्स, केन्द्रीकृत प्रसंस्करण, त्रुटिरोधी प्रणालियां (हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर), डी-मैट सुविधा, आंकड़ों का भंडारण, सीआरएम (ग्राहक संबंध प्रबंधन), हरित आईटी, आभासीकरण मांग पर गणना (ऑन डिमांड कंप्यूटिंग), उच्च स्तरीय कॉल सेंटर सेवाएं, उच्च गुणवत्ता के पोर्टल, वेबसाइट, मोबाइल व्यवसाय आदि.

अधिकांश बैंक, सही अर्थों में 'कभी भी कहीं भी बैंकिंग सेवा' प्रदान करने के लिए अपने सभी कार्यालयों में 'कोर बैंकिंग सोल्यूशन' (सीबीएस) प्रणाली लागू कर चुके हैं. इसने न केवल गति में बढ़ोत्तरी की है बल्कि प्रदत्त सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के साथ ग्राहकों के लेन-देन लागत में भी कमी लायी है तथा विभिन्न सुपुर्दगी माध्यमों से स्वस्थ ग्राहक-सेवा प्रदान करना संभव बनाया है.

सूचना प्रौद्योगिकी का आगमन

सूचना प्रौद्योगिकी के आगमन ने बैंकिंग जगत में एक क्रांतिकारी परिवर्तन का उद्घोष किया है. केन्द्रीकृत बैंकिंग सोल्यूशन एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जिसने बैंकिंग क्षेत्र में क्रांति ला दी है. देश के आर्थिक विकास में भारतीय बैंकिंग उद्योग की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण रही है.

एक जमाना था जब 'ब्रिक एण्ड मोर्टार' बैंकिंग अर्थात बैंक की शाखा में आए ग्राहकों से रूबरू होकर ही बैंकिंग कार्य सम्पन्न किया जाता था. लेकिन अब मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से ग्राहक अपने खाते में कहीं से एवं कभी भी लेनदेन कर सकते हैं. मोबाईल बैंकिंग के कारण भारतीय बैंकिंग का समूचा परिदृश्य परिवर्तित हो गया है क्योंकि वित्तीय समावेशन के माध्यम से बहुसंख्यक आबादी को क्रमश: बैंक-ग्राहक के रूप में शामिल करने के प्रयास तेज हो गए हैं. वित्तीय परिसेवा से वंचित लोगों को मूलभूत वित्तीय सेवा प्रदान करने के लिए बैंकों द्वारा बैंकिंग प्रतिनिधि/फैसीलीटेटर भी नियुक्त किए जा चुके हैं. ऐसे अधिसंख्यक ग्राहकों तक पहुंचने के लिए बैंकों द्वारा सैटेलाइट बैंकिंग, एटीएम एवं मोबाइल वाहन बैंकिंग, कियोस्क बैंकिंग आदि नई-नई पद्धतियाँ अपनाई जा रही हैं.

समय के साथ इंटरनेट बैंकिंग का प्रचलन काफी तेजी से बढ़ रहा है. रकम का अंतरण करना हो, यूटिलिटी बिलों का भुगतान हो या फिर यात्रा के टिकट खरीदना हो, बैंक के ग्राहक बड़ी तेज गति से इंटरनेट का रूख कर रहे हैं. पब्लिक सेक्टर बैंको ने 'कोर-बैंकिंग सोल्यूशन' का ठोस इंतजाम किया है जो बड़े पैमाने पर इंटरनेट बैंकिंग को प्रोत्साहित कर रहा है.

ऑनलाइन बैंकिंग अपनाने का चलन जोर पकड़ रहा है. लेकिन इंटरनेट सुविधा का इस्तेमाल करने वाले ग्राहक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर काफी चिंतित नज़र आ रहे हैं. ग्राहकों के लिए ऑनलाइन बैंकिंग में चिंता की सबसे बड़ी वजह सुरक्षा से जुड़ा पहलू है. बैंकरों एवं आईटी जानकारों का मानना है कि पर्याप्त सिक्योरिटी सिस्टम के नहीं होने तथा ग्राहकों के बीच समुचित जानकारी और जागरूकता के अभाव के कारण इंटरनेट असुरक्षा बनी रहती है तथा हैकिंग जैसी घटनाएं होती हैं.

सूचना सुरक्षा

सूचना सुरक्षा का अर्थ है सूचना को सुरक्षित रखना एवं सूचना प्रणालियों को अनधिकृत पहुंच से बचाना तथा उनके दुरूपयोग, प्रकटीकरण, विघटन, संशोधन, अवलोकन, निरीक्षण, रिकार्डिंग अथवा उनको नष्ट होने से सुरक्षित रखना. सूचना की सुरक्षा का मुख्य उद्देश्य सूचना की गोपनीयता, अखंडता एवं आंकड़ों (चाहे इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट या अन्य किसी भी रूप में हों) की उपलब्धता को सुरक्षित रखने के संबंध में है.

सूचना सुरक्षा नीति का उद्देश्य बैंक में सूचना आस्तियों और गुणवत्ता रखरखाव की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न जोखिमों का प्रबंध तथा

समाधान करने के लिए एक मानक सुरक्षा ढांचा प्रदान करना है.

सूचना तकनीक की भूमिका

सूचना प्रौद्योगिकी ने नए–नए वितरण चैनलों को खोलकर रिटेल बैंकिंग को नई ऊर्जा प्रदान की है, जिसमें प्रमुख हैं 'ऑटोमेटेड टेलर मशीन' जिसके जरिए 75 प्रतिशत से अधिक नकदी लेनदेन हो रहा है. इलेक्ट्रॉनिक फण्ड ट्रांसफर द्वारा खुदरा क्रय भी किया जा रहा है, जो ग्राहकों के लिए व्यावहारिक प्रतीत हो रहा है. इसी प्रकार डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, फोन बैंकिंग ई–बिजनेस, ई–कॉमर्स आदि बैंकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कम खर्च में लेनदेन करने में समर्थ बनाता है. इंटरनेट बैंकिंग ने इसे नई दिशा प्रदान की है. 'स्विफ्ट' (SWIFT) द्वारा विश्व भर की सेवाएं एक साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय मुद्दों को सुलझाकर लाभप्रदता का मार्ग प्रशस्त करती हैं. कहना न होगा कि आज कतार (Queue) बैंकिंग ने क्लिक (Click) बैंकिंग का रूप धारण कर लिया है जिससे ग्राहकों का मूल्यवान समय बच रहा है.

बैंकों में साइबर सूचना संबंधी खतरे

साइबर स्पेस एक विश्वव्यापी कंप्यूटर नेटवर्क (इंटरनेट) है जो कंप्यूटर एवं संचार संबंधी उपकरणों को जोड़ता है. इंटरनेट स्वभावत: कम सुरक्षित होने के कारण सदैव घुसपैठ के खतरों से प्रभावित रहता है. जब इंटरनेट से जुड़ा हुआ कोई कंप्यूटर वायरस के संपर्क में आता है तो नेटवर्क के अन्य कंप्यूटर भी इससे जुड़े होने के कारण प्रभावित हो जाते हैं.

साइबर खतरे कई प्रकार के होते हैं, जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं :–

फ़िशिंग (Phishing), स्निफर (Sniffer), पासवर्ड की चोरी (Password Cracking), आईपी स्पूफिंग (IP Spoofing), इनपुट वैलीडेशन मान्यकरण हमला (Input Validation Attack), एसक्यूएल इंजेक्शन हमला (SQL Injection Attack), सेवा रोकने वाले हमले (Denial of Service Attack), स्मर्फ हमला (Smurf Attack),

सिन बाढ़ (SYN Flood), 'मध्य में आदमी' हमला (Man-in-Middle Attack), सोशल इंजीनियरिंग हमला (Social Engineering Attack), सीएसआरएफ हमला (CSRF attack), क्रॉस साइट स्क्रिप्टिंग (Cross site Scripting), (Hijack of user session via XSS, ई–मेल फोर्जिंग (Email forging), स्वचालित हमले आदि.

साइट पर कैप्चा (CAPTCHA) का अभाव

कंप्यूटर सुरक्षा के क्षेत्र में फ़िशिंग एक आपराधिक धोखाधड़ी की प्रक्रिया है जिसके द्वारा नकली पहचान द्वारा उपयोगकर्ता का नाम, पासवर्ड, क्रेडिट कार्ड का विवरण, आदि की चोरी का प्रयास किया जाता है. हमलावर अवांछनीय एवं दुर्भावनापूर्ण तरीकों का प्रयोग करके संवेदनशील फाइलों, क्रेडिट कार्ड विवरणों की चोरी कर सकता है. इस तरह के हमले में एक अपराधी बड़ी मात्रा में पिंग ट्रैफिक (ping traffic) भेजते हैं जिसमें स्रोत आईपी एड्रेस नकली होते हैं. अत्यधिक मात्रा में पिंग ट्रैफिक होने के कारण नेटवर्क के कार्य में बाधा उत्पन्न हो जाती है. एन्क्रिप्शन का अभाव होने के कारण महत्वपूर्ण सूचनाओं की चोरी संभव हो जाती है. अगर ब्राउजर में save password के विकल्प का प्रयोग किया जाता है, तो पासवर्ड का पता किया जा सकता है. ईमेल के कुछ आम खतरे हैं : अपमानजनक ई–मेल, जाली ईमेल और स्पैम. 70% ईमेल संदेश स्पैम होते हैं. 'गोपनीय सूचनाओं' की सुरक्षा न केवल व्यावसायिक आवश्यकता है, अपितु कई मामलों में यह नैतिक एवं कानूनी आवश्यकता भी है. व्यक्ति विशेष के संदर्भ में, सूचना की सुरक्षा जीवन के गोपनीय पहलुओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है. हाल के वर्षों में सूचना की सुरक्षा का क्षेत्र काफी विस्तृत तथा प्रभावी रूप से विकसित हुआ है.

पिछले बीस वर्षों से 'सूचना–सुरक्षा' के मूलभूत सिद्धांतों में 'गोपनीयता, अखंडता और उपलब्धता' को महत्वपूर्ण माना जाता रहा है.

सूचना को किसी भी प्रकार के खतरों से बचाने के लिए निम्नलिखित तीन कदम महत्वपूर्ण हैं :–

1. प्रशासनिक 2. तार्किक और 3. भौतिक नियंत्रण

इन प्रशासनिक नियंत्रणों के अंतर्गत 'कॉर्पोरेट सिक्यूरिटी पॉलिसी' (CORPORATE SECURITY POLICY), 'पासवर्ड पॉलिसी' (नियम) (PASSWORD POLICY), अनुशासनात्मक नीति, बाहर से कार्य करवाने इत्यादि से संबंधित नियम बनाए जाते हैं, जिनका अनुपालन सूचना–सुरक्षा की दृष्टि से अत्यावश्यक है.

सूचना–सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है – सूचना के महत्व को समझना तथा उसकी सुरक्षा के उपयोग एवं तरीकों को सही तरीके से अपनाना. सभी सूचनाएं समान नहीं होती, अत: सभी के बचाव के उपाय भी समान नहीं हो सकते. इस हेतु सूचना को वर्गीकृत किया जाता है तथा तदनुसार बचाव के उपाय अपनाए जाते हैं. अलग–अलग संगठन के लिए सूचनाओं की प्राथमिकता भी अलग–अलग होती है. संगठन के आधार पर सूचनाओं का वर्गीकरण किया जाता है, जैसे :

(क) व्यापारिक संस्थान में : पब्लिक, प्राइवेट, गोपनीय, संवेदनशील, सीमित.

(ख) सरकारी संस्थान में : अवर्गीकृत, संवेदनशील, अति गोपनीय, निषेधात्मक, सीमित.

पहुंच पर नियंत्रण (Access Control) यह सुनिश्चित करता है कि सुरक्षित की गई सूचना ऐसे व्यक्ति तक ही सीमित हो जो उसके लिए अधिकृत है.

आजकल कम्प्यूटरों में कार्य करने हेतु यूजर नाम और 'पासवर्ड' का चलन ही सर्वाधिक है परन्तु यह भी अब उतना सुरक्षित नहीं रहा. अत: अब नए उपाए प्रयोग में लाए जा रहे हैं. बायोमैट्रिक्स द्वारा जैसे कि अंगुलियों की छाप, आंखों के स्कैन इत्यादि द्वारा व्यक्ति की पहचान व उसकी प्रमाणिकता आंकी जा

सकती है. सूचना की सुरक्षा की दृष्टि से एक व्यक्ति की पहचान एवं प्रमाणिकता सिद्ध होने के उपरान्त भी यह निर्धारित करना अत्यन्त आवश्यक है कि कौन सी सूचना की पहुंच किस स्तर पर उपलब्ध कराने हेतु व्यक्ति को प्राधिकृत किया जाए.

क्रिप्टोग्राफी (Cryptography)

सूचना–सुरक्षा में क्रिप्टोग्राफी तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है जिससे उपलब्ध सूचना को ऐसे प्रारूप में बदल दिया जाता है कि वह अधिकृत उपयोगकर्ता के अतिरिक्त किसी के द्वारा प्रयोग में नहीं लाई जा सके. इस प्रक्रिया को 'इन्क्रिप्शन' कहते हैं. इस 'इन्क्रिप्टेड' सूचना को केवल उसी व्यक्ति द्वारा उपयोग में लाया जा सकता है जिसके पास क्रिप्टोग्राफी की कुंजी उपलब्ध है.

साइबर सुरक्षा रणनीति

इस प्रकार हम अनुमान लगा सकते हैं कि अपनी सूचनाओं को सुरक्षित रखना हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है, विशेषकर तब जब यह सूचनाएं धन से संबंधित होती हैं. बैंकों में सूचना सुरक्षा के महत्व को समझते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए हैं जिससे बैंकों एवं खातेदारों को होने वाली किसी भी संभावित हानि से बचाया जा सके. इसके अतिरिक्त भारत सरकार ने आईटी अधिनियम, 2000 तथा आईटी (संशोधन) विधेयक, 2008 पारित कर इस प्रकार के अपराधों को दंडनीय अपराधों की श्रेणी में रख दिया है.

आईटी (IT) बैंकों को न केवल अपने ग्राहकों को कम मूल्य पर सुदृढ़ और भरोसेमंद सेवाएं प्रदान करने में मदद करती है बल्कि सूचनाओं को प्रभावी तरीके से सृजित करने और उनके प्रबन्धन का भी कार्य करती है. ग्राहकों और लेनदेनों से संबंधित बड़ी मात्रा में डेटा अब बैंकों के पास उपलब्ध हैं, जिनका समुचित विश्लेषण के माध्यम से लाभपूर्वक उपयोग, कारोबार नीति को अनुकूल बनाने, विविधीकृत आंतरिक और बाह्य एमआईएस (MIS) अपेक्षाओं को पूरा करने तथा सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन प्रणाली बनाने के उद्देश्य के साथ किया जा सकता है.

कुशल जोखिम प्रबंधन की आवश्यकता

बाजारों के विनियमन, कारोबार के लिए विभिन्न बैंकों के बीच में कड़ी प्रतिस्पर्धा, वैश्वीकरण, वित्तीय क्षेत्र में जमा, अग्रिमों व अन्य बैंकिंग सेवाओं में हुई वृद्धि तथा उन्नत सूचना प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रयोग के मिले–जुले प्रभाव से आधुनिक कंप्यूटरीकृत बैंकिंग कारोबार में जोखिम प्रबंधन के विकास में तेजी आई है. पहले बैंकों के कारोबार के दौरान मुख्यत: साख के संदर्भ में ही जोखिम उठानी पड़ती थी. लेकिन अब निवेश बैंकिंग, यूनिवर्सल बैंकिंग आदि के आगमन से बैंकिंग कारोबार में जोखिम की परिधि फैल चुकी है. कम्प्यूटरीकृत बैंकिंग वातावरण में तीव्र गति से विकास होने के चलते बैंकों में कई नए जोखिमों का सामना करना पड़ता है. सूचना प्रौद्योगिकी की उन्नति के साथ ही आजकल बैंकिंग कारोबार में धोखाधड़ी व जालसाजी के नए-नए तरीके विकसित हो रहे हैं जो साख जोखिम के अतिरिक्त बाज़ार जोखिम व परिचालन जोखिम के कुशल प्रबंधन की आवश्यकता की ओर इशारा कर रहे हैं.

बैंकिंग कारोबार में जोखिम वह संभावित स्थिति है, जब आस्तियों की वसूली न होने के कारण लाभप्रदता पर प्रतिकूल असर पड़ता है तथा बाजार, मूल्य, परिचालन, आंतरिक, आस्ति देयता, मूल्य, मानव संसाधन, प्रौद्योगिकी व अन्य संभावित जोखिमों के चलते बैंकिंग कारोबार में प्रतिकूल असर पड़ता है, जिससे वित्त धारकों के प्रति प्रतिबद्धता की पूर्ति नहीं हो पाती.

बैंकिंग कारोबार में 3 प्रकार के जोखिम हैं :–

1. **साख जोखिम** : उधारकर्ता द्वारा चूक.

2. **बाजार जोखिम** : बाजार में परिवर्तन लाने वाले कारकों के कारण प्रतिकूल परिवर्तन.

3. **परिचालनात्मक जोखिम** : मानवीय व प्रौद्योगिकी चूक तथा प्रणालियों व कार्यविधियों के अनुपालन में चूक.

उच्च प्रौद्योगिकी प्रबंधन

विकासोन्मुखी बैंकिंग, प्रौद्योगिकी बैंकिंग, तकनीकी बैंकिंग आज समय की स्थाई मांग हैं. ग्राहकों की रूझान सूचना प्रौद्योगिकी की तरफ उत्साहवर्धक ढंग से बढ़ी है. ईमेल, एनिवेयर बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, टेली बैंकिंग इत्यादि आज बैंकिंग की प्राथमिकता हैं. केन्द्रीयकृत बैंकिंग प्रणाली, एटीएम, कॉल सेंटर, आरटीजीएस, एसएफएमएस, मोबाइल बैंकिंग, डेबिट/क्रेडिट कार्ड, इत्यादि तकनीक जनित उत्पाद, सेवाएं आज ग्राहकों की मांगे हैं.

प्रौद्योगिकी प्रबंधन का क्षेत्र ऐसा है कि इसमें प्रारंभ में तो जटिलताएं आती हैं पर जब हम इस कार्य में अभ्यस्त होते चले जाते हैं तो घंटों लगने वाला समय मिनटों में संपादित हो जाता है.

निष्कर्ष

सूचना–सुरक्षा आज की जरूरत है. किसी भी प्रणाली की सुरक्षा तभी मजबूत होगी जब उसकी सूचना–सुरक्षा पुख्ता और मजबूत हो. इस संबंध में निरंतर जांच, प्रशिक्षण, निरीक्षण और समय–समय पर उसकी मरम्मत जरूरी है. सूचना–सुरक्षा की आवश्यकता से इंकार नहीं किया जा सकता, लेकिन यह एक निरंतर प्रक्रिया है. इसके लिए समय–समय पर आकलन, जांच एवं समीक्षा किए जाने की आवश्यकता होती है ताकि सूचना को अनाधिकृत घुसपैठ/पहुंच/संशोधन/विघटन/व्यवधान से बचाया जा सके. कभी न समाप्त होने वाली इस प्रक्रिया को सक्रिय एवं उद्देश्यपरक बनाए जाने के लिए यह आवश्यक है कि समय–समय पर इसके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएं जिनमें सूचना–सुरक्षा को मजबूत एवं अभेद्य बनाए रखने संबंधी जानकारी संबंधित व्यक्तियों को दी जाए. अत: ऑन दी जॉब ट्रेनिंग (On the Job Training) क्लास रूम ट्रेनिंग (Class Room Training) से ज्यादा कारगर सिद्ध हो सकता है.

एस. के. महापात्रा
एफजीएम, दिल्ली

संरचनात्मक परिवर्तन
(verticalization)

यूनियन बैंक अपना शताब्दी वर्ष मना रहा हैं. 4300 से अधिक शाखाएं और लगभग 40,000 कर्मचारी इस संस्था की चहुंमुखी प्रगति में भागीदार हैं. बैंकिंग कार्यकलापों में इतनी विविधता आयी हुई है कि आज लगभग प्रत्येक क्षेत्र में बैंकिंग सेवाओं का योगदान है.

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में शायद ही ऐसी कोई व्यापारिक/आर्थिक गतिविधि हो जिसमें बैंक की भागीदारी नहीं हो. देश का पिछले 72 वर्षों में जो भी विकास हुआ है उसमें भी बैंकिंग क्षेत्र और विशेष रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के राष्ट्रीयकृत बैंकों का अहम योगदान है.

1990 के दशक तक बैंकिंग का केवल सामाजिक क्षेत्र के उत्थान में ही योगदान था. ज्यों-ज्यों देश की प्राथमिकताएँ बदलती रही और विकासोन्मुख प्रगति की ओर देश बढ़ता गया, बैंकिंग क्षेत्र की प्राथमिकताएं भी बदलने लगी, बैंकों के कारोबार में अत्यधिक वृद्धि हुई विशेष तौर पर आधारभूत (Infrastructure) क्षेत्र को धन की आवश्यकता होने लगी जिसकी आपूर्ति बैंकिंग क्षेत्र ने ही की.

तकनीक के विकास के साथ-साथ बैंकिंग क्षेत्र का प्रसार भी बढ़ने लगा. बैंक प्रबंधन के दायित्व, कर्तव्य में अत्यधिक वृद्धि हो गई और तत्कालीन प्रबंधन व्यवस्था इतने अधिक कार्यभार को संभालने में डगमगाने लगी, तब प्रबंधन को सुदृढ़ एवं उसकी निर्णय लेने की क्षमता को सुगम करने के लिए वर्टिकलायजेशन के सिद्धांतों को समस्त बैंकों ने अपनी आवश्यकताएं एवं क्षमता के अनुसार लागू किया. वर्टिकलायजेशन का अर्थ सामान्य भाषा में यह है कि एक विशिष्ट कार्य का निष्पादन करने के लिए विभाग की स्थापना की जाए और उक्त विशिष्ट कार्य के निष्पादन के लिए तथा उसके परिणामों को प्राप्त करने के लिए वह विभाग एवं विभाग प्रमुख को ही जिम्मेदार माना जाए.

हमारे बैंक में कॉर्पोरेट गवर्नेंस के सिद्धांत के अनुरूप विभिन्न वर्टिकल्स की स्थापना की गई है. जैसे ऋण विभाग के प्रबंधन के लिए सीपी एवं एमएसएमई, मिड कॉर्पोरेट, आरएबीडी, लार्ज कॉर्पोरेट, खुदरा व्यापार वर्टिकल्स अलग-अलग महाप्रबंधकों के नेतृत्व में कार्यरत हैं. इसी प्रकार तकनीकी कार्यकलापों के लिए डीआईटी एवं डिजिटल बैंकिंग विभाग कार्यरत हैं. एफपीआईआर, विदेशी विनिमय विभाग, ट्रेजरी विभाग, सहायक सेवाएं/ बीपीटी, कार्मिक विभाग, वित्तीय समावेशन, अनुपालन विभाग, ऋणों का अनुश्रवण, वसूली विभाग, लेखा परीक्षा, जोखिम प्रबंधन, सतर्कता विभाग, सामान्य बैंकिंग कार्यकलाप विभाग, संसाधन प्रबंधन एवं संपर्क बैंकिंग विभाग, केंद्रीय कार्यालय में कार्यरत हैं. जो कि अलग अलग कार्यपालक निदेशकों तथा प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी को रिपोर्ट करते हैं.

To conclude, we witnessed that this journey of transformation excites, energizes and stimulates. It gives an inspiring call, shocking complacency and inertia into action. It is one of the most potent pulls which ignites collective actions & stirs passion among us to aspire to perspire to fulfill our Vision -2020.

Time for Commitment & Courage to lead for a bigger cause!

Shiva kumar Shukla
STC Bengaluru

Shri Rajkiran Rai G, Managing Director & CEO, flanked by Shri Gopal Singh Gusain, Shri Dinesh Kumar Garg & Shri Manas Ranjan Biswal, all Executive Directors, at the press conference held in Mumbai on the occasion of announcement of Audited Financial Results for the Quarter/ Year ended March 31, 2019.

During his visit to Bank's Sydney Office on 10th May 2019, Shri Dinesh Kumar Garg, Executive Director is seen along with Shri Pankaj kumar, CEO, UBI Sydney.

समाचार – उत्तर

दि. 26.05.2019 को भोपाल के क्षेत्र प्रमुख श्री गुरतेज सिंह को वित्तीय वर्ष 2018-19 शताब्दी वर्ष के दौरान SUD life insurance कारोबार में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन पर होटल बेकल, केरल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया.

दि. 09.07.2019 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा सेंट जोसेफ को-एड सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में कैशलेस कैम्पस का उद्घाटन अंचल प्रमुख श्री विनायक व्ही. टेम्भूर्णे के कर कमलों से किया गया. इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख भोपाल, श्री गुरतेज सिंह एवं स्कूल के प्राचार्य उपस्थित रहें .

दि. 24.06.2019 को अरेरा कॉलोनी शाखा के माध्यम से वृद्ध नागरिकों के लिए कार्य करनेवाली 'आनंद धाम सेवा भारती संस्था', को एक एम्बुलेंस श्री विवेक कामत, सीईओ, यूनियन बैंक सोशल फाउंडेशन ट्रस्ट, केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई के कर कमलों द्वारा प्रदान की गयी. इस अवसर पर श्री विनायक व्ही. टेंभूर्णे, क्षे.म.प्र., भोपाल अंचल; श्री गुरतेज सिंह, क्षे.प्र., भोपाल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे.

दि. 20.05.2019 को क्षेत्र महाप्रबन्धक कार्यालय, भोपाल द्वारा महाराष्ट्र के प्रसिद्ध सार्वजनिक आरोग्य विशेषज्ञ डॉ. जगन्नाथ दीक्षित को मधुमेह एवं स्थूलता नियंत्रण के विशेष सत्र के लिए स्टाफ प्रशिक्षण केंद्र, भोपाल के सभा कक्ष में आमंत्रित किया गया था. जिसमें क्षेमप्रका, क्षे.का. एवं स्थानीय शाखाओं के स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया.

दि. 27–28 अप्रैल, 2019 को बैंक के 'लीडरशिप समिट 2019–20' का आयोजन जयपुर में किया गया, जिसमें श्री राज किरण रै जी., प्रबंध निदेशक व सीईओ; श्री केवल हांडा, अध्यक्ष; कार्यपालक निदेशक, श्री गोपाल सिंह गुसाईं, श्री दिनेश कुमार गर्ग व श्री मानस रंजन बिस्वाल के साथ-साथ केंद्रीय कार्यालय के समस्त विभाग प्रमुख, महाप्रबंधक, क्षेत्र महाप्रबंधक एवं समस्त क्षेत्र प्रमुख उपस्थित थे.

दि. 28.06.2019 को यूनियन समृद्धि केंद्र (यूएसके), भोपाल में केंद्रीकृत प्रोसेसिंग कक्ष का शुभारंभ किया गया, जिसके द्वारा ग्रामीण एवं अर्ध शहरी क्षेत्रों के कृषि, एमएसएमई एवं खुदरा क्षेत्र के ऋण प्रवाह को गति दी जायेगी. इस सुअवसर पर श्री विनायक व्ही. टेंभूर्णे, क्षे.म.प्र., भोपाल; श्री गुरतेज सिंह, क्षे.प्र., भोपाल; श्री बी.पी. अधिकारी, उप क्षे.प्र., भोपाल सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय शाखाओं के शाखा प्रबंधक एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे.

दि. 17.06.2019 को क्षे.का., भोपाल द्वारा शाखा प्रबन्धकों के लिए कारोबार समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता श्री विनायक व्ही. टेंभूर्णे, क्षे.म.प्र. एवं श्री गुरतेज सिंह, क्षे.प्र., भोपाल ने की. इस अवसर पर पिछली तिमाही में सर्वश्रेष्ठ कार्य निष्पादन करने वाले शाखा प्रबन्धकों को इस अवसर सम्मानित भी किया गया.

अरेरा हिल्स, भोपाल स्थित बैंक के परिसर में क्षे.का., भोपाल द्वारा स्टाफ सदस्यों के लिए 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' का आयोजन किया गया. श्रीमती याचना पालीवाल, स.म.प्र., क्षे.म.प्र.का., भोपाल; श्री बी पी अधिकारी, उप क्षे.प्र., भोपाल एवं श्री बी पी शर्मा, प्रभारी, स्टा.प्र.कें., भोपाल के साथ स्थानीय शाखाओं के शाखा प्रबंधकों एवं सभी स्टाफ सदस्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया.

दि. 17.05.2019 को बैंक के अधिकारियों तथा मध्यप्रदेश स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज ऑर्गेनाइजेशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन होटल के के इंटरनेशनल, भोपाल में किया गया. इस बैठक में बैंक की ओर से श्री गुरतेज सिंह, क्षेत्र प्रमुख, भोपाल; श्री मनोज जैन, मुख्य प्रबन्धक, सरल तथा श्री रोहण कालीकर, प्रबन्धक तथा मध्यप्रदेश स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज ऑर्गेनाइजेशन की ओर से श्री अरुण जैन, अध्यक्ष, एमपीएसएसआईओ; अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्री सुबोध जैन एवं श्री सुनील भार्गव के साथ अन्य पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया.

दि. 19.04.2019 को श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, के.क्षे.का., चंडीगढ़ में आगमन पर पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत करते हुए श्री निहार रंजन सामल, महाप्रबंधक तथा श्री संजय शर्मा, महाप्रबंधक. इस अवसर पर आयोजित स्टाफ सदस्यों की बैठक में स्टाफ सदस्यों के साथ श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं सीईओ.

दि. 6-8 जून 2019 तक नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय में आम महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसके उद्घाटन समारोह में क्षेत्र महाप्रबंधक, श्री विनायक टेंभूर्णे को विशेष आमंत्रित किया गया. इस महोत्सव में मध्यप्रदेश के छोटे कृषक एवं वादी उत्पादकों द्वारा उत्तम किस्म की कई प्रजातियों के आम विक्रय हेतु उपलब्ध करवाए गए है.

दि. 15.06.2019 को इंदौर में आयोजित 'कारोबार योजना बैठक वर्ष 2019-20' का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते हुए श्री विनायक टेंभूर्णे, क्षे.म.प्र., भोपाल; साथ हैं श्री मनोज कुमार, क्षेत्र प्रमुख, इंदौर; श्री अनुज कुमार, स.म.प्र., सरल तथा श्री राजेश त्रिवेदी, उप क्षेत्र प्रमुख, इंदौर.

दि.19.04.2019 को इंदौर में आयोजित बैंक के शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि, श्री विनायक व्ही. टेंभूर्णे; क्षे.म.प्र. साथ हैं, श्री राजेश कुमार, क्षे.प्र., इंदौर; श्रीमती टेंभूर्णे एवं श्रीमती नीलम.

दि. 01.06.2019 को क्षे.का., इंदौर में श्री मनोज कुमार, क्षेत्र प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजित 'बैंक मित्र बैठक' के दौरान बैंक मित्रों को भारत सरकार की विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान की गयी तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक मित्रों को पुरस्कृत किया गया.

दि. 21.06.2019 को क्षे.का., जबलपुर द्वारा 'योग दिवस' के अवसर पर भावर ताल गार्डन में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्री अरुण कुमार, क्षेत्र प्रमुख एवं अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा योग का अभ्यास किया गया. 'हम हैं न' फाउंडेशन के साथ मिल कर इस कार्यक्रम द्वारा समाज में योग के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा दिया गया.

दि. 06.06.2019 को क्षे.का., उदयपुर में श्री एस.के. महापात्रा, क्षेत्र महाप्रबंधक, दिल्ली के आगमन पर क्षेत्र प्रमुख श्री जे.एस. तोमर ने उनका स्वागत किया. इस अवसर पर श्री महापात्रा जी ने सभी शाखा प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की. इस दौरान उन्होंने बैंक की भविष्यगत योजनाओं के बारे में सभी स्टाफ सदस्यों को संबोधित किया.

दि. 12.06.2019 को लखीमपुर में क्षेत्र महाप्रबंधक, श्री अतुल कुमार द्वारा 'यूनियन समृद्धि केंद्र' का उद्घाटन क्षेत्र प्रमुख, श्री शिब प्रसाद कर तथा केंद्र प्रमुख, श्री रविकान्त शुक्ला की उपस्थिति में किया गया.

दिनांक 08.05.2019 को क्षे. का., जबलपुर द्वारा कारोबार आयोजना बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें श्री विनायक टेंभूर्णे, क्षे.म.प्र., भोपाल; श्री अरुण कुमार, क्षेत्र प्रमुख, जबलपुर एवं जबलपुर क्षेत्र के सभी शाखा प्रबंधक उपस्थित थे.

दि. 28.06.2019 को नई फ़र्रुखाबाद शाखा का उद्घाटन श्री अतुल कुमार, क्षेत्र महाप्रबंधक, लखनऊ एवं श्री एस. के. सिंह, क्षेत्र प्रमुख, क्षे.का., कानपुर द्वारा किया गया.

क्षे.का., मेरठ के तत्वावधान में उनके गजरौला और गाजियाबाद केंद्र द्वारा 'विश्व पर्यावरण दिवस' के उपलक्ष्य में 'वायु प्रदूषण' थीम पर वृक्षारोपण किया गया.

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का रायपुर दौरा

दिनांक 26.06.2019 को रायपुर में आयोजित मुद्रा एवं एमएसएमई ऋण वितरण शिविर में श्री राज किरण रै जी., प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी की उपस्थिति में RAM (Retail, Agriculture, MSME) के अंतर्गत 329 नए ऋण खाते खोले गए जिसमें 87 करोड़ की ऋण मंजूरी स्वीकृत की गई एवं 103 नए गाड़ियों की मंजूरी दी गई. साथ ही 3.72 करोड़ की एनपीए वसूली की गई. श्री रै द्वारा इस अवसर पर टाउन हॉल में आयोजित मीटिंग में शाखा प्रबंधकों तथा क्षे.का. रायपुर के सम्मेलन कक्ष में आयोजित स्टाफ सदस्यों की मीटिंग में स्टाफ सदस्यों को संबोधित भी किया.

दि. 05.07.2019 को स्टा.प्र.कें., गुरुग्राम के कार्यपालक अतिथि गृह एवं सभागार का उद्घाटन करते हुए प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री राजकिरण रै जी. इस अवसर पर उपस्थित श्री एस.के. महापात्रा, क्षेत्र महाप्रबंधक, दिल्ली तथा अन्य वरिष्ठ कार्यपालक. साथ ही, केंद्र के प्रांगण में प्रबंध निदेशक एवं सीईओ द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया.

दि. 21.06.2019 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्षे.का., रायपुर के प्रांगण में योग का आयोजन किया गया.

दि.21.06.2019 को 'विश्व योग दिवस' के उपलक्ष्य में क्षे.का., उदयपुर में योग दिवस मनाया गया. इस अवसर पर श्री जे.एस. तोमर, क्षेत्र प्रमुख और श्री रामकेश मीणा, उप क्षेत्र प्रमुख द्वारा संबोधित किया गया तथा श्री सी.के. बाबू, मुख्य प्रबंधक द्वारा योग के विभिन्न आसनों की जानकारी दी गयी.

दि. 03.06.2019 को संबलपुर शाखा के नये परिसर का उद्घाटन, श्री प्रवीण शर्मा, क्षेत्र महाप्रबंधक, रांची ने किया. इस अवसर पर शाखा के स्टाफ सदस्य तथा ग्राहक उपस्थित थे.

भुवनेश्वर क्षेत्रांतर्गत कलिंग विहार शाखा में श्री प्रकाश चन्द्र पती, उप क्षेत्र प्रमुख, भुवनेश्वर ने ग्राहकों को नये 'रूपे कार्डों' का वितरण किया. इस अवसर पर सुश्री मधुस्मिता मोहापात्रा, वित्तीय समावेशन प्रमुख भी उपस्थित थीं.

दि. 04.06.2019 को संबलपुर क्षेत्र की कान्टामाल शाखा के नये परिसर का उद्घाटन श्री एस.के. राऊत, डीएम एवं कलेक्टर, बौध ने श्री प्रवीण शर्मा, क्षेत्र महाप्रबंधक, रांची की उपस्थिति में किया. इसी दिन बड़माल शाखा के नये परिसर का उद्घाटन भी श्री प्रवीण शर्मा, क्षेत्र महाप्रबंधक, रांची द्वारा किया गया.

बैंक के गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में क्षे. का., बड़ौदा द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्री राजीव कुमार झा, क्षेत्र प्रमुख, बड़ौदा एवं अन्य वरिष्ठ कार्यपालकों द्वारा सभी सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्यों एवं विशिष्ट ग्राहकों को सम्मानित किया गया.

दि. 12.04.2019 को श्री केवल हांडा, बैंक के गैर कार्यपालक अध्यक्ष एवं अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक ने अपने बड़ौदा दौरे के दौरान स्टाफ सदस्यों की बैठक में उपस्थितों को संबोधित किया. इस अवसर पर श्रीमती मोनिका कालिया, क्षेत्र महाप्रबंधक, अहमदाबाद और श्री राजीव कुमार झा, क्षेत्र प्रमुख, बड़ौदा भी उपस्थित थे.

दि. 21.06.2019 को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर क्षे. का., बड़ौदा द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्री अखिलेश कुमार, क्षेत्र प्रमुख सहित क्षेत्रीय कार्यालय एवं बड़ौदा शहर की शाखाओं के स्टाफ-सदस्यों ने हिस्सा लिया.

सिंधी चैम्बर ऑफ कॉमर्स, मुंबई द्वारा होटल सहारा इंटरनेशनल, अंधेरी, मुंबई में आयोजित 'एमएसएमई मीट' में हमारी बैंक की ओर से क्षे.का., मुंबई (पश्चिम) ने हिस्सा लिया. इस अवसर पर बीजेपी मुंबई के प्रेसिडेंट श्री आशीष शेलार भी उपस्थित थे. बैंक की ओर से स.म.प्र. (सरल) के साथ सभी शाखा प्रमुखों की उपस्थिति में बैंक की विभिन्न योजनाओं के साथ आउटरिच कैम्पेन तथा 'पीएसबी59' की जानकारी दी गयी और 25 से ज्यादा क्वालिटी लीड्स जनरेट किए गये.

क्षे.का., मुंबई (पश्चिम) द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत 'जागरूकता रैली' निकली गयी.

दि. 11.06.2019 को क्षे.का., द्वारा आयोजित 'टाउन हाल मीटिंग' में श्रीमती मोनिका कालिया, क्षेत्र महाप्रबंधक, अहमदाबाद तथा श्री हरे कृष्ण दास, क्षेत्र प्रमुख, महेसाणा ने उपस्थितों को संबोधित किया.

दि. 05.06.2019 को 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर क्षे.का., नागपुर द्वारा 'सायक्लोथॉन' का आयोजन किया गया. इस अवसर पर श्री सुमेर सिंह सरोया, क्षेत्र प्रमुख, नागपुर उपस्थित थे.

दि. 21.06.2019 को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर क्षे.का., नागपुर में 'योग दिवस कार्यक्रम' का आयोजन किया गया, जिसमें उप क्षेत्र प्रमुख श्री अरविंद सुसरला, सहायक महाप्रबंधक श्री अमरनाथ मिश्रा, क्षेत्रीय कार्यालय के सभी विभाग प्रमुख तथा कार्यालय के स्टाफ सदस्यों ने उपस्थिति दी.

डॉ. बी. आर. आंबेडकर की 128 वीं जयंती के उपलक्ष्य में क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे द्वारा आयोजित कार्यक्रम की झांकी.

दि. 14.04.2019 को क्षे.का., नागपुर द्वारा डॉ. बी. आर. आंबेडकर की 128 वी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान चौक, नागपुर स्थित आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ. प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ शंकर खोब्रागड़े ने डॉ. बी. आर आंबेडकर के जीवन पर व्याख्यान दिया. एससी/एसटी असोसिएशन द्वारा क्षे. का. परिसर में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया. इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख श्री जी. के. सुधाकर राव; उप क्षेत्र प्रमुख श्री उत्पल कर; समप्र श्री अरविंद कुमार सुसरला, श्री भोला प्रसाद गुप्ता एवं श्री अमरनाथ मिश्रा के साथ एससी/एसटी असोसिएशन के प्रमुख श्री मिलिंद वासनिक और श्री राजेश मेश्राम उपस्थित थे.

दि. 18 जून 2019 को क्षेत्रीय कार्यालय, राजकोट में आयोजित टाउन हाल बैठक में उपस्थित श्रीमती मोनिका कालिया, क्षेत्र महाप्रबंधक, अहमदाबाद, क्षेत्र प्रमुख श्री अनिल कुमार सिंह चौहान एवं सभी शाखाओं के स्टाफ सदस्य.

दि. 24 मई 2019 को क्षे.का. नागपुर के सम्मेलन कक्ष में स्पोर्ट्स क्लब के सदस्यों द्वारा वार्षिक सर्वसाधारण सभा का आयोजन हुआ. जिसमें नई समिति का गठन भी किया गया. बैठक में नए अध्यक्ष श्री विनय मेश्राम, महा सचिव श्री रितेश सैनी एवं कोषाध्यक्ष श्री सिद्धार्थ चंद्रा का चयन किया गया.

दि. 21.06.2019 को पाचवें विश्व योग दिवस के अवसर पर क्षे.का. मुंबई (उत्तर) द्वारा आयोजित योग शिविर में क्षेत्र प्रमुख श्री कबीर भट्टाचार्य, उप क्षेत्र प्रमुख, श्री राजकुमार, सहायक महाप्रबन्धक (सरल), श्री संदीप कुमार एवं कार्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य

क्षेत्रीय कार्यालय राजकोट के सरल केंद्र का उद्घाटन दि. 18 जून 2019 को श्रीमती मोनिका कालिया, क्षेत्र महाप्रबंधक अहमदाबाद, श्री अनिल कुमार सिंह चौहान, क्षेत्र प्रमुख, श्री पी एन चौधरी उप क्षेत्र प्रमुख, सरल प्रमुख श्री अभिषेक जैन एवं अन्य सभी स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति में किया गया.

समाचार – दक्षिण

दि. 30.05.2019 को पेसिट शाखा, बेंगलूरू के नये परिसर का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक व सीईओ; साथ में (बाएँ से) श्री एस.एन.कौशिक, क्षेत्र महाप्रबंधक, बेंगलूरू; श्री शाहीद कबीर, शाखा प्रबंधक, पेसिट शाखा; श्री आलोक कुमार, क्षेत्र प्रमुख, बेंगलूरू व सुश्री नेहा सिन्हा, उप शाखा प्रमुख, पेसिट शाखा, बेंगलूरू. इस अवसर पर पेसिट शाखा में नवनिर्मित 'ग्राहक कम्फर्ट लॉबी' का भी उद्घाटन किया गया.

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का बेंगलूरू दौरा

दि. 12.04.2019 को नोडल क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलूरु के कार्यपालक स्तर के शाखा प्रबंधकों हेतु होटल जे.डब्ल्यू. मैरियट में 'विज़डम डिसकोर्स' बैठक का आयोजन किया गया. इस अवसर पर श्री राजकिरण रै जी., प्रबंध निदेशक व सीईओ के साथ हैं, श्री एस.एन.कौशिक, क्षेत्र महाप्रबंधक, बेंगलूरु; श्री आलोक कुमार, क्षेत्र प्रमुख, बेंगलूरु; श्री कल्याण कुमार, तत्कालीन प्राचार्य, स्टाफ महाविद्यालय, बेंगलूरु एवं बेंगलूरु क्षेत्र के समस्त कार्यपालक गण व शाखा प्रबंधक.

इसी दिन श्री राजकिरण रै जी. द्वारा बेंगलूरु की सरल शाखा, औद्योगिक वित्त शाखा मिड कॉर्पोरेट शाखा तथा आस्ति वसूली शाखा का उद्घाटन भी किया गया.

On 24.04.2019, on the eve of 47th Foundation Day of Union Bank Employees Union, Tamil Nadu, a 'Blood Donation , Eye Check up, Dental & Diabetic Camp' was organized at NRO, Chennai which was inaugurated by Shri E. Pulla Rao, Regional Head, Chennai .

क्षे.का. विजयवाड़ा द्वारा आयोजित 'नेतृत्व सम्मेलन 2019-20' के दौरान उपस्थित स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए श्री एस.एन. कौशिक, क्षेत्र महाप्रबंधक, बेंगलूरु; साथ मंचासीन हैं डॉ. के रवीन्द्रनाथ, क्षेत्र प्रमुख, विजयवाड़ा तथा श्री जी. जय जीवन, उप क्षेत्र प्रमुख, विजयवाड़ा.

On 04.07.2019, the 42nd Union Samridhi Kendra and the new premises of Kattappana Branch under R.O., Kottayam were inaugurated by Shri Gopal Singh Gusain, Executive Director in presence of Shri Lal Singh, Field General Manager, Chennai.

On 05.07.2019, the new premises of Regional Office, Kottayam were inaugurated by Shri Gopal Singh Gusain, Executive Director by lighting the traditional lamp. On this occasion Shri Lal Singh, FGM, Chennai and Shri Ved Prakash Arora, RH, Kottayam along with staff members were present.

'Yoga Campaign' held on 21.6.19 at Yoga village, Beach Road, Visakhapatnam on the eve of International Yoga Day. On this occasion, Mr.Ajay Kumar, RH, Visakhapatnam and Mr.Dayanand Choudhary, Dy.RH felicitated the yoga instructors. The staff members of R.O. & branches particpated in the event.

On the eve of 'World Environment Day' on June 5, plantation drive was organized by R O Visakhapattanam at Kendriya Vidyalaya, Visakhapattanam. Mr.Ajay Kumar, RH, RO, Visakhapattanam, Mr. Dayanand Chowdhary, Dy.Regional Head and other staff members were present alongwith school authorities.

On 03.06.2019, the workshop/training programme for all Business Correspondents was organized by NRO, Vijaywada for capacity building and making them aware about our bank's products like Social Security Scheme, Lead Generation facility, PMJDY account opening, overdraft facility, etc.

सुश्री दृश्या ससिद्रन, कार्मिक अधिकारी, क्षे.का., त्रिवेंद्रम को 'टैलेंटेड बैंकर्स फेसबुक कम्यूनिटी' द्वारा 'टैलेंटेड बैंकर ऑफ द वीक' पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

अहमदाबाद के दफ्तरी-सह-हाउसकीपर श्री कल्पेश मणिलाल ठाकुर ने अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए सीजी रोड, अहमदाबाद के गेट के पास मिले एक ग्राहक के पर्स को, जिसमें कई क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड एवं अंतर्राष्ट्रीय ड्राइविंग लाइसेंस और 6000/- से अधिक की राशि थी, ग्राहक को लौटा दी.

हमारी मंडपेश्वर शाखा, बोरीवली, मुंबई के खजांची श्री संजय पवार ने अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए शाखा के ग्राहक द्वारा भूलवश अधिक जमा की गयी 3,00,000/- की राशि ग्राहक को लौटा दी.

हमारी कांदिवली पश्चिम शाखा, मुंबई की उप शाखा प्रमुख सुश्री मीना शुक्ला ने शाखा के लॉकर रूम में ग्राहक द्वारा भूलवश छोड़ा गया बेशकीमती डिब्बा पूछताछ के बाद ग्राहक को लौटा दिया.

श्री यश ठाकुर, सुपुत्र श्री प्रमोद ठाकुर मुख्य प्रबन्धक क्षे.का.नागपुर को उत्कृष्ट ऑलराउंडर प्रदर्शन के लिए आईआईएम, नागपुर द्वारा दिनांक 15 अप्रैल 2019 को स्वर्ण पदक बियानी संस्थापक बिग बाजार प्रमुख व श्री मूर्ति डाइरेक्टर आईआईएम, नागपुर के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया.

श्री भाऊराव पुंडलीक तायडे, एसडब्ल्यूओ 'बी', पालघर शाखा, महाराष्ट्र को वर्ष 2018-19 के लिए भारतीय दलित साहित्य अकादमी, दिल्ली द्वारा 'आंबेडकर सेवाश्री नैशनल अवार्ड' से सम्मानित किया गया.

हमारी दहाणु शाखा, महाराष्ट्र की प्रधान खजांची सुश्री नीता गिरीश जोबनपुत्र ने अपनी ईमानदारी का परिचय देते हुए शाखा के लॉकर रूम में ग्राहक द्वारा भूलवश छोड़ी गयी सोने की चेन पूछताछ के बाद ग्राहक को लौटा दी.

भिवंडी शाखा में कार्यरत वरिष्ठ प्रबंधक श्री देवराज हवलदार के सुपुत्र श्री अंकित देवराज हवलदार ने इस वर्ष मेकानिकल इंजिनियरिंग की डिग्री परीक्षा में 62.33% अंक प्राप्त कर यादवराव तासगांवकर कॉलेज ऑफ इंजिनियरिंग, भिवपुरी, मुंबई युनिर्वसिटी से सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की.

मास्टर अमन भाटिया, सुपुत्र श्री विनीत भाटिया, मुख्य प्रबंधक, एसएसआई शाखा, नोडल क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलूरु ने 94.40% अंकों के साथ वर्ष 2018 -19 की सीबीएसई द्वारा आयोजित कक्षा 12 (वाणिज्य) की परीक्षा पास की. आगे की पढ़ाई हेतु वे छात्रवृत्ति के साथ अमेरिका जा रहे है.

क्षे.का. मुंबई (उ) के मुख्य प्रबंधक (आवि) श्री रणनिपुण बैनर्जी के सुपुत्र श्री सयान बैनर्जी ने 2018-19 वर्ष में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित बारहवीं की परीक्षा में 92.50% अंक प्राप्त कर सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की.

सुश्री कुसुमा ए., सुपुत्री श्री अमरनारायण, प्रबंधक, एसएसआई शाखा, नोडल क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलूरु ने 94.17% अंकों के साथ वर्ष 2018 -19 की कर्नाटक बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा 12 (वाणिज्य) की परीक्षा पास की.

मास्टर चिराग पाठक, सुपुत्र श्री शैलेश पाठक, विशेष सहायक, मंदसौर शाखा, इंदौर ने मार्च, 2019 सीबीएसई बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में 97% अंक प्राप्त करते हुए जिले में चतुर्थ और विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया.

निज़ामपुरा शाखा, बड़ौदा में कार्यरत श्री अजीत कुमार भारती, (मुख्य खजांची) की सुपुत्री सुश्री निभा भारती ने सीबीएसई बोर्ड के दसवीं कक्षा में 98.8% अंकों के साथ वडोदरा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है.

सुश्री प्रसंदिता सत्पथी, पुत्री श्री प्रसन्न कुमार सत्पथी, मुख्य प्रबंधक, क्षे. का. रीवा ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2019 के विज्ञान(10+2) में 95.60% अंक प्राप्त किए.

Athulya 'The Dancing Doll'

Ms. Athulya, daughter of Mr. Sunil Kumar, SWO 'A', Athani Branch of Ernakulam region is the melodiously leaning spirit.

This 10th standard student of Nirmala Higher Secondary School, Aluva is undergoing training in Indian classical dance forms Mohiniyattam and Keralanadanam since her lower KG days. Since her 'Arangetram' in the 1st standard at Pallippattukavu Bhagavathy Temple, Desom, she is giving her individual stage performances. Both her parents were catalytic in discovering her musical apt and nurturing it so well. **'Mohiniyattam'**, according to her, is an Indian classical dance form evolved in Kerala. It adheres to the Lasya type that showcases a more delicate, graceful, gentle and feminine form of dancing. It derives its name from the word 'Mohini', a female avatar of Lord Vishnu. Conventionally a solo dance performed by female artists, it emotes a play through dancing and singing where the song is customarily in Manipravala which is a mix of Sanskrit and Malayalam language and the recitation may be either performed by the dancer herself or by a vocalist with the music style being Carnatic. Mohiniyattam poses are also palpable from the various feminine sculptures that adorn the 11th century Vishnu temple at Trikodithanam, and the Kidangur Subramanya temple. While **'Keralanadanam'** is a new style of dance that is now recognized as a distinct art form evolved from Kathakali a form of Indian dance-drama. The Indian dancer Guru Gopinath, a well-trained Kathakali artist and his wife Thankamani Gopinath developed a unique structure for teaching and performing. Keralanadanam can be performed in three ways: Ekamga Nadanam i.e. solo, Samgha Nadanam i.e. group, Nataka Nadanam i.e. dance drama enacting a story. Male female pair dancing (duet) is also a distinct style in Keralanadanam. So also he has extended the dance drama to 5 or six hours long dance performance called Indian ballets. Under the able guidance of her guru, Kanjoor Raveen-dranath, she honed her classical dancing skills. The Malayalam film star Ms. Sobhana is her role model.

Her first milestone achieve-ment was when she secured A grade for Keralanadanam and Light Music and won B grade for Mohiniyattam in the Kerala State School Kalolsavam 2017-18 and also got chance for film audition. This year she has also participated in the 'Asianet Sakalakala Vallabhan Competition'. This avid dancer is equally interested in music, singing and reading. She aspires to become the renowned classical dancer in future.

Union Dhara wishes her all the best in her 'classical dancing' career!!

अद्भुत गुणों की ख्वान है 'अकरकरा'

अल्जीरिया देश में सबसे अधिक मात्रा में पैदा होनेवाली इस जड़ी बूटी से काफी कम लोग परिचित हैं. भारत में यह कश्मीर, असम, बंगाल के पहाड़ी क्षेत्रों, गुजरात और महाराष्ट्र आदि भागों में वर्षा के शुरू में ही कहीं-कहीं पाया जाता है. अकरकरा कड़वा, तीखा, पाचक, रुचिवर्धक, प्रकृति में गर्म तथा कफ और वातनाशक होता है. यह हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत कर हमें होनेवाले संक्रमण का मुकाबला करने की शक्ति प्रदान करता है. जानते हैं इसके गुणों के बारे में!

❋ इसमें मौजूद एंटी-वायरल गुणों के कारण ये फ्लू और सांस संबंधी सभी समस्याओं में लाभकारी होता है. अस्थमा में 50 मिलीलीटर की मात्रा में इसके काढ़े का शहद मिलाकर सेवन करने से रोगी को राहत मिलती है.

❋ अकरकरा की सूखी डण्डी महुए के तेल में मिलाकर मालिश करने से लकवा दूर होता है.

❋ सर्दी के कारण होनेवाले सिर दर्द में, अकरकरा को मुंह में दांतों के नीचे दबायें रखने से शीघ्र लाभ होता है.

❋ अकरकरा, माजूफल, नागरमोथा, फूली हुई फिटकिरी, कालीमिर्च, सेंधा नमक बराबर की मात्रा में मिलाकर पीस कर इससे नियमित मंजन करते रहने से दांत और मसूढ़ों के समस्त विकार दूर होकर मुख की दुर्गंध मिट जाती है.

❋ छोटी पीपल और अकरकरा की जड़ का चूर्ण बराबर मात्रा में पीसकर आधा चम्मच शहद के साथ सुबह-शाम, भोजन के बाद सेवन करते रहने से पेट संबंधी अनेक रोग दूर हो जाते है.

❋ अकरकरा का चूर्ण 1 चम्मच शहद के साथ चाटने से हिचकी तथा सूंघाने से मिर्गी रोग दूर होता है.

❋ अकरकरा और ब्राह्मी समान मात्रा में लेकर बनाए गए चूर्ण का आधा चम्मच नियमित सेवन करने से बुद्धि तेज होती है.

❋ अर्जुन की छाल और अकरकरा का चूर्ण बराबर मात्रा में मिलाकर पीसकर प्रति दिन सुबह और शाम आधा-आधा चम्मच की मात्रा में खाने से घबराहट, हृदय की धड़कन, पीड़ा, कम्पन और कमजोरी में लाभ होता है.

❋ अकरकरा का 100 मिली का काढ़ा बनाकर सुबह-शाम पीने से पुरानी खांसी मिटती है.

❋ अकरकरा की जड़ को अखरोट के तेल में मिलाकर मालिश करने से सायटिका का दर्द मिटता है.

❋ अकरकरा का चूर्ण सुबह और शाम पीने से जलोदर में लाभ होता है.

ध्यान रहें कि अकरकरा का बाहय प्रयोग अधिक मात्रा में करने से त्वचा का रंग लाल हो जाता है तथा जलन होती है. यदि आंतरिक रूप से इसका सेवन अधिक किया गया हो तो इससे नाड़ी की गति बढ़ना, दस्त लगना, जी मचलाना, बेहोशी छाना, रक्तपित्त आदि दुष्प्रभाव पैदा हो जाते हैं. साथ ही फेफड़ों के लिए भी यह हानिकारक होता है.

अनीता भोबे
यूनियन धारा, कें.का.

REDUCTION IN BANK RATE

The new government who will rule for another five years has come to power after winning with thumping majority. The government has come to power again but the old problems mainly of unemployment, slow growth, low domestic investment, lower exports and higher imports mainly of oil and gold all continue to exist. Unemployment should have become a big issue since at 6.1 % it is the highest ever faced during the last 45 years.

The rates have been reduced for the third time in continuity. RBI Governor Shaktikanta Das has now reduced it to 5.75 %. The same have been reduced keeping in view the old Economic law of Sir J M Keynes. The rates are decreased so as to enable the borrowers to borrow more and the depositors in turn to be discouraged to deposit more. Depositors to be encouraged to spend more instead. With this the money supply in the economy to be increased. The law of money supply and employment of Sir Keynes law of economics which simply states that more of money supply will create more of employment is hoped to. The same should increase employment of resources including human resources.

The above sounds simple until another theory is put forth by noble laureate Milton Friedman comes to play. The same states in simple words that injunction of more money in the economy with little controls over economy for saving would turn the economy into a capitalist one.

Thus to say that our country at present needs small hitches removed altogether for the investments to be made, agriculture sector to be made more attractive so that the working force do not shift to other sectors. The same can be made attractive by revising the Minimum Support Price (M S P). It is sometimes seen that farmers have to sell their produce even below MSPs. Agriculture sector can still absorb much of the working youth. Sector wise measures are required may be agriculture, export sector or small industries.

Further to inject more of liquidity ie money in the economy government may resort to deficit financing, levy more of taxes, can even enhance Income Tax rates. Deficit financing literally means spending by a government more than its income. So the same has to be met either by borrowings, more of taxes and even printing of more of currency notes. But we must admit that a must side effect is inflation also! So government needs to be always vigilant after taking a measure and can not just afford to sleep over for long. Government needs to be vigilant and keep awake like a good chowkidar if it desires to keep India shining all the time! All the best with rate cut tool.

N P S Sohal
Retiree from Chandigarh

साक्षी

बाहर भले ही कोलाहल
भीतर खड़े रहो अविचल
ऐसा जिसको सध जाए
जीवन वही सुधर जाए ।

पाट भले ही रहे घूमते
कील मध्य में खड़ी रहे
ऐसा जिसको सध जाए
जीवन वही सुधर जाए ।

सुख दुःख बाहर परिधि पर
भीतर आनंद रहे अविचल
ऐसा जिसको सध जाए
जीवन वही सुधर जाए ।

बाहर भले ही तीव्र लहरें
भीतर का सागर ख़ामोश
ऐसा जिसको सध जाए
जीवन वही सुधर जाए ।

बाहर भले ही घनघोर घटाएं
भीतर का आकाश मौन
ऐसा जिसको सध जाए
जीवन वही सुधर जाए ।

बाहर नृत्य, घुंघरु, पदचाप
भीतर मीरा कृष्ण संग
ऐसा जिसको सध जाए
जीवन वही सुधर जाए ।

बाहर बैठे सूत कातते
भीतर कबीरा मौन खड़ा
ऐसा जिसको सध जाए
जीवन वही सुधर जाए ।।

गणपत चपलोत
सेवानिवृत्त उदयपुर

THE DAWN OF A HERO.....or rather, A PATRIOT!

Move aside, Salman, Shahrukh and even Amitji! Who needs a celluloid hero with body doubles for stunts and make-up artists for depicting bloodshed to impress the public? The real-life, inspirational hero has arrived! With poise and grace and absolute dare-devilry! And he is none other than….

Oops! Sorry, I got a bit carried away with my script-writing! Let me begin from the very beginning…..

This is actually the story of a very simple, uneducated middle-aged woman called Gowramma. She has very limited means and toils as part-time maid to eke out a decent living. Whenever her routine permits, she watches the kannada sitcoms along with the housewives with whom she works.

Very recently, post the Pulwama attacks, as I was continuously watching the news channels, she asked me innocently about what was so interesting that almost everybody was watching news channels so keenly instead of our regular soaps. I felt it was my responsibility to educate her on the happenings in the country. As a citizen of India, it was only right that she be aware of the crisis we were experiencing when Wing-Commander Abhinandan was taken captive. I patiently narrated the entire turn of events as simply and as briefly as possible. She heard me out with full concentration, trying to grasp the correct and complete picture. I was amused when she even tried to learn how to pronounce his name correctly!

As we anxiously watched the news, Gowramma wondered why we were so apprehensive and worried. Once again I explained how a POW was at the mercy of his ruthless captors who would most certainly subject him to inhuman methods of pain and torture. He may not get water or food, not have access to basic toilet amenities, not be allowed to lie down or rest his weary body, etc. And although he was going through this hell, he was a brave Indian soldier who would never give up the fight but stand firmly and courageously without surrendering to the enemy…..

She now realized why the safe return of Wing commander Abhinandan to India was of such national importance. She rushed through her chores and came to sit with me as we waited together with bated breath for the good tidings which was played out by the media, with unprecedented delay and uncertainty….until finally, our hero actually stepped onto Indian soil and into the waiting arms of his fellowmen.

Dear Gowramma jumped and clapped with childlike joy and admiration and even I smiled through my own sense of relief, at her enthusiasm. But what followed next is what really took my breath away! Without batting an eyelid, she told me that her one- week old grandson's naming ceremony was to be held soon and she would insist that he be named ABHINANDAN. She said she wanted him to become a true patriot, love his janmabhoomi, and maybe even join the Armed Forces just like the gallant Fighter Pilot. Now that's true hero-worship for you….

Friends, true patriotism thrives in your own backyard, not necessarily only at the BORDERS!

Hemalata Nagaraj
Retiree from Bengaluru

सेहत का खजाना है 'धनिया'

एक जड़ी-बूंटी के रुप में उगने वाला प्राकृतिक पौधा है धनिया ! इसकी पत्तियों और बीजों का इस्तेमाल हमारे रसोई घरों में किया जाता है. खाना बनाने के लिए साबुत धनिया, धनिए के बीज, धनिए के पाउडर और धनिए की पत्तियों का काफी इस्तेमाल करते हैं. यह एक औषधीय पौधा है. जिसमें मिनरल्स, फाइबर, कैल्शियम, फास्फोरस, आयरन, कैरोटीन, थियामीन, मैग्नीशियम, सोडियम, पोटैशियम और विटामिन सी व बी-6 भी पाये जाते हैं.

हरा धनिया पेट की समस्याओं का निवारण करता है, यह पाचनशक्ति बढ़ाता है. धनिये के ताजे पत्तों को छाछ में मिलाकर पीने से बदहजमी, मतली, पेचिश और कोलाइटिस में आराम मिलता है. हरा धनिया, हरी मिर्च, कसा हुआ नारियल और अदरक की चटनी बनाकर खाने से अपच के कारण पेट में होने वाले दर्द से आराम मिलता है. पेट में दर्द होने आधा गिलास पानी में दो चम्मच धनिया डालकर पीने से पेट दर्द से राहत मिलती है. ये लीवर की सक्रियता को बढ़ाने में मदद करता है.

त्वचा की सूजन कम करने हेतु धनिए के एसेंशियल ऑयल का भी उपयोग करना लाभकारी होता है.

जो व्यक्ति हाई कोलेस्ट्रॉल से ग्रस्त है, उसे धनिया के बीजों को उबालकर उसका पानी पीना चाहिए.

धनिये के नियमित सेवन से ब्लड में इंसुलिन की मात्रा नियंत्रित रहती है. धनिया पाउडर, बॉडी से शुगर के स्तर को कम कर देता है और इन्सुलिन की मात्रा को बढ़ाता है.

नियमित रूप से धनिये का उपयोग करने वालों में किडनी की समस्या ना के बराबर होती है तथा इसके नियमित सेवन से एनीमिया दूर होता है. साथ ही एंटी ऑक्सीडेंट, मिनरल, विटामिन ए और सी से भरपूर होने के कारण धनिया कैंसर से भी बचाव करता है.

हरे धनिये में विटामिन ए भरपूर मात्रा में होता है, अतः रोजाना हरे धनिये का प्रयोग खाने में करने से आंखों की रोशनी बढ़ने लगती है.

एंटीसेप्टिक और एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर धनिये की पत्तियों की पेस्ट में चुटकी भर हल्दी पाउडर मिलाकर चेहरे पर दिन में कम से कम 2 बार लगाने से मुहांसों की समस्या दूर होती है और यह ब्लैकहेड्स को

भी हटाता है. यह झुर्रियों को दूर भगाती है. चेहरे पर कोई दाग भी नहीं पड़ता है.

धनिया हाथ पैर की जलन, एसिडिटी, आंखों की जलन, यूरिन की जलन और सिरदर्द को दूर करने में लाभकारी होता है.

रातभर धनिए के बीज को पानी में भिगोकर रखें और फिर इस पानी को सुबह और शाम पीने से हाइपरथाइरॉइज्म जैसी परेशानी से निजात मिलती है तथा ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव होता है. इसमें मौजूद विटामिन से अल्जाइमर की बीमारी में भी फायदेमंद होता है.

नर्वस सिस्टम को सक्रिय बनाए रखने में भी धनिया की पत्ती काफी फायदेमंद होती है.

लेकिन बहुत ज्यादा मात्र में धनिया खाने से शरीर की ग्रंथिया प्रभावित हो जाती हैं. इसलिए मां बनने वाली महिलाओं और शिशु को दूध पिलाने वाली माताओं को धनिए का अत्यधिक सेवन नहीं करना चाहिए.

सुप्रिया नाडकर्णी
यूनियन धारा, कें.का.

बंगाल की 'दाब चिंगड़ी'

इस बंगाली डिश को आप अपने घर में बना सकती हैं. दाब चिंगड़ी को गरम गरम चावल या चपाती के साथ परोसा जाता है. आइये, इसे बनाने की विधि जानते है:

सामग्री– प्रॉन्स (झींगे), 1 बड़ा नारियल (पानी व मलाई वाला), 1 छोटी प्याज, 2 कली लहसन, 1/2 चम्मच हरी मिर्च पेस्ट, 2 चम्मच सरसों का पेस्ट, पंच-फोरन (2 बड़े चम्मच साबुत जीरा, 2 बड़े चम्मच सौंफ, 2 बड़े चम्मच सरसों, 2 बड़े चम्मच मेथी दाना, 2 बड़े चम्मच कलौंजी) सारे बीजों को अच्छी तरह साफ कर गरम तवे पर हल्का रोस्ट कर लें. चाहे तो इसे मिक्सी में पीस लें.), 3 चम्मच सरसों तेल, नमक स्वादानुसार, हल्दी पाउडर

विधि– हरे नारियल को ऊपर से काटकर उसका पानी और मलाई अलग अलग निकाल कर रख लें. इसके साथ नारियल के ऊपरी हिस्से (ढकन) को संभाल कर रख लें. नारियल को नीचे से सीधा काट लें जिससे वह ओवन या प्रेशर कुकर में सीधा रखा जा सके. अब एक पैन में तेल गरम कर उसमें पच-फोरन डालकर तड़कने दें. उसमें प्याज और लहसुन डालकर फ्राई करें. उसके बाद एक बड़े कटोरे में पैन की सामग्री को तेल सहित पलट दें. फिर उसमें सरसों का पेस्ट, मिर्च पेस्ट, हल्दी, नमक, नारियल पेस्ट और नारियल पानी डालें. इसे मिक्स करें और उसमें प्रॉन्स मिलाएं. अब इन प्रॉन्स को नारियल में डालें और नारियल का जो ऊपरी हिस्सा काटा था, उससे नारियल को ढंक दें. अब ओवन को 220 डिग्री

पर गर्म करें और उसमें नारियल को 45 मिनट तक पकाएं.

दूसरा तरीका– नारियल में प्रॉन्स को भर दें और आटे की लोई लगाकर इसे सील कर दें. प्रेशर कुकर में नारियल रखें और चारों ओर थोड़ा पानी डालें. प्रेशर कुकर का ढकन लगाकर इसे मध्यम आंच पर तीन-चार सीटी तक पकने दें.

पल्लवी इति बनर्जी
नोक्षेका, बेंगलूरु

आपकी गृह पत्रिका 'यूनियन धारा' का जनवरी–मार्च 2019 अंक हमें कई नई चीजों की जानकारी दे रहा है. 'बैंक के तुलन पत्र में आस्ति गुणवत्ता पर ऋण' और 'अभावग्रस्त ऋण खातों में वसूली' जैसे वित्तीय लेखों ने हमें भी वित्तीय क्षेत्र की नई जानकारियां प्रदान की. पत्रिका में प्रकाशित सभी लेख बहुत अच्छे और पठनीय हैं. आपके इस अंक के अंतर्गत बैंकिंग के सभी पक्षों को कवर किया गया है जो कि बैंकिंग से अनभिज्ञ पाठक के लिए ज्ञान का स्रोत है. पत्रिका में प्रकाशित हेल्थ टिप्स खंड भी अत्यंत उपयोगी है एवं राजगिरा की विशेषताएँ बताता है. इसके साथ ही आपकी पत्रिका को विभिन्न मंचों पर पुरस्कार प्राप्त हुए हैं इस हेतु आपको बधाई एवं आशा करते हैं कि भविष्य में भी आपकी पत्रिका में इसी प्रकार अन्य रोचक तथ्य एवं बैंकिंग से संबंधित तकनीकी जानकारियाँ पढ़ने को मिलेंगी. आगामी अंकों के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं!

– रंजन कुमार बरुन, उप महाप्रबंधक,
राष्ट्रीय आवास बैंक, नई दिल्ली.

"A special issue published by Union Dhara (Jan-Mar 2019), on Credit Monitoring is unique. It delivered the ideas, suggestions, improvements needed on Credit Monitoring. But, why none of the Branch Managers had contributed on this topic is puzzling. It is the BH or Credit Officer of the branch who monitors the advance portfolio by effective utilisation of credit monitoring tools, at their disposal. A success story of effective use of Credit Monitoring Tools and CMRD Portal would have helped the readers and motivated the field functionaries to emulate the proven models. Please invite the contributions from the field functionaries. We need more success stories from field level."

V.Jagadiswar
R.O., Jabalpur

तिमाही गृहपत्रिका 'यूनियन धारा' का 'ऋण अनुश्रवण विशेषांक' (जनवरी–मार्च 2019) प्राप्त हुआ है. यह अंक बैंकिंग क्षेत्र के ऋण से संबंधित क्षेत्र को जानने का एक प्रयास है और संपादक मंडल इस कार्य में सफल भी हुए हैं. इस पत्रिका को पढ़ने के पश्चात बैंकिंग के कुछ महत्वपूर्ण विषय स्पष्ट हुए हैं. बैंक कवर पर माधवी जी द्वारा ली गई फूलों की तस्वीर के साथ डॉ. सुलभा कोरे जी की कविता एक दूसरे से परस्पर जुड़े हुए से प्रतीत हो रहे हैं. पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु संपादक मंडल को हार्दिक बधाई और आशा करती हूँ कि अगला अंक भी मुझे बहुत जल्द पढ़ने को मिले.
रेणुका शॊ
आयकर विभाग, वाराणसी

"Thank you for the digital link to Union Dhara. I am thrilled to note that the publication has improved manifold from its initial stages (if my memory is not failing me) in middle 1980s. I am proud to be associated with it as a correspondent attached to RO, Kozhikode, Kerala then."

K Madhavankutty Menon

गृह पत्रिका 'यूनियन धारा' का अक्तूबर–दिसंबर का अंक प्राप्त हुआ. पत्रिका में प्रकाशित लेख बैंकों में आस्ति प्रबंधन, विश्व दिव्यांग दिवस, saga of Fake News, Financial Inclusion अत्यंत ज्ञानवर्द्धक एवं सुंदर बन पड़े हैं. पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिये पूरी संपादकीय टीम को कोटिशः बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ !

एस.सी. सिंहल
मेरठ, उत्तर प्रदेश

तिमाही गृहपत्रिका 'यूनियन धारा' का जनवरी–मार्च 2019 'ऋण अनुश्रवण विशेषांक' प्राप्त हुआ है. इस अंक में आज के समय में बैंकिंग के मूल विषय ऋण अनुश्रवण के विभिन्न विषयों पर लेखों को समेकित किया गया है. प्रबंध निदेशक एवं सीईओ माननीय श्री राजकिरण रै जी का संदेश काफी प्रेरणादायक है, साथ ही साथ श्री आशीष पाण्डेय, महाप्रबंधक (सीएमआरडी) का संदेश भी काफी ज्ञानवर्धक है. 'चार यार की धुरी' काशीनाथ सिंह जी के विषय में जानना अपने आप में महत्व रखता है. कुल मिलाकर यह पत्रिका बहुत ही शानदार लगी. गृह पत्रिका के सफल संपादन हेतु बहुत–बहुत बधाई!

अनिल साव
पंजाब नेशनल बैंक

एक और विशेषांक के रूप में आपका मार्च, 2019 अंक सभी तरह से निखरा हुआ है. विषय सूची को देखने से पता चलता है कि इसके लिए आपकी टीम ने एक सुचिंतित योजना का आकर्षक विन्यास किया है. ऋण अनुश्रवण के महत्व को आज सबने पहचान लिया है. इस प्रकार यह एक समीचीन अंक भी है. काव्य रचनाओं के साथ अंक की शुरुआत हुई है. यह एक खास बात लगी मुझे. एक उपयोगी अंक है.
–
विजय कुमार यादव, मुख्य प्रबंधक (राजभाषा), यूको बैंक, प्रधान कार्यालय, कोलकाता.

"It was really nice to read the issue. The issue covers in detail one of the most important issues of the present banking. The present banking has three important 'R' ie recovery, risk management and retail lending. The issue of recovery has been dealt in detail. All the aspects have been dealt with in detail. I may add that the recovery steps should be taken quickly. Two of the important tools, Compromise and sale of fixed Collaterals should be implemented as soon as the account is declared NPA. It is observed that with time the borrower gets clever and tries to pay off the least of the due amount. All kudos to Shri Asheesh Pandey, GM(CMRD), Shri Brijeshwar Sharma, GM(HR) and Dr. Sulabha Kore. I wish all the best for future issues as well."

N.P.S. SOHAL (Retd. AGM)

यूनियन धारा का जनवरी–मार्च 2019 अंक पढ़ा. एनपीए और ऋण प्रबंधन पर अच्छी सामग्री है. काव्य ने समां बांधा है. कुशल संपादन के लिए साधुवाद सहित शुभकामनाएं !
संतोष श्रीवास्तव

यूनियन बैंक का एक ग्राहक होने के नाते मुझे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर गर्व है. इसकी मीरा रोड शाखा, ठाणे में जाने पर एकदम अपना सा प्रतीत होता है. एक बार फिर शाखा से मुझे यूनियन धारा का जनवरी–मार्च, 2019 अंक पढ़ने का मौका मिला. इस पत्रिका में मुझे पी.सी. साहु द्वारा ली गई 'काला घोड़ा आर्ट फेस्टिवल' के फोटो ने बहुत प्रभावित किया. मुंबई में इतने सालों से रहने के बाद भी मुझे कभी इस आर्ट फेस्टिवल में जाने का मौका नहीं मिला पर आपकी इस पत्रिका के माध्यम से इसके बारे में जानने का मौका मिला और इसके साथ ही मैंने अगली बार इस आर्ट फेस्टिवल में अवश्य जाने का निर्णय लिया है. इसके लिए मैं यूनियन बैंक का आभार व्यक्त करता हूँ और आशा करता हूँ कि अगला अंक भी मुझे बहुत जल्द पढ़ने को मिले.
प्रवीण म्हात्रे (मीरा रोड)

कैसे कहें कि हमें कुछ याद नहीं ?
कैसे कहें कि जिंदगी के बाद जीवन नहीं ?
यहां झाड़ीदार हरियाली और लहराते पेड़ हैं
हवा की अठखेलियाँ औ' पानी की गहराई है
यहां हरियाली के साथ जिंदगी है

डॉ. सुलभा कोरे
यूनियन धारा, कें.का., मुंबई